हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि
रोहतक, बुधवार 28 जनवरी 2026

तापमान
अधिकतम 17 .0 डिग्री
न्यूनतम 9 .0 डिग्री

10 गणतंत्र दिवस भारत के गौरव, स्वाभिमान का प्रतीक



10 वेदांता स्कूल की टीम सम्मानित



## खबर संक्षेप

### अवैध असलहा के साथ एक युवक गिरफ्तार

**जींद।** डिटेक्टिव स्टाफ ने गांव शादीपुर से एक युवक को काबू कर उसके कब्जे से एक पिस्तौल तथा एक जिंदा कारतूस बरामद किया है। पुलिस आरोपित से पूछताछ कर रही है। डिटेक्टिव स्टाफ को सूचना मिली थी कि गांव शादीपुर में एक युवक अवैध असलहा के साथ खड़ा हुआ है। सूचना के आधार पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए युवक को काबू कर लिया।

### चोरों ने ट्रक से रिम सहित टायर चुराए

**कैथल।** गांव रसीना में चोरों ने एक घर के बाहर खड़े ट्रक से रिम सहित दो टायर चोरी कर लिए। मामले में पूंडरी थाना पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी गई शिकायत में गांव रसीना निवासी जगमाल सिंह ने बताया कि वह ट्रक चालक है। वह ग्राहकों के सामान को एक से दूसरे स्थान पर लाता और ले जाता है।

### गाड़ी की टक्कर से बाइक सवार मां और बेटा घायल

**जींद।** अलेवा चौक पर तेजरफ्तार गाड़ी की टक्कर से मां व बेटा घायल हो गए। अलेवा थाना पुलिस मामले की जांच कर रही है।

डाटा कालोनी पानीपत निवासी इंद्रो देवी ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह अपने बेटे नीरज के साथ बाइक पर सवार हो अपने मायके गांव पोपड़ा जा रही थी। अलेवा चौक पर तेजरफ्तार कार ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी।

### मोबाइल व नकदी छीनने का आरोपी गिरफ्तार

**कैथल।** एक महिला से मोबाइल व नकदी छीनने के मामले की जांच थाना चीका एसएचओ पीएसआई अमन के नेतृत्व में एसआई अनिल कुमार की टीम द्वारा करते आरोपी चीका निवासी अरुण कुमार को काबू कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि गांव पीडल निवासी मोनिका की शिकायत अनुसार वह प्राइवेट बैंक में पेहवा में कार्यरत है।

### 12 फरवरी को होगी देशव्यापी हड़ताल

**जुलाना।** जुलाना कस्बे के लेबर शेड में सीटू कार्यकताओं की एक बैठक का आयोजन किया गया। अध्यक्षता सीटू के जिला प्रधान रमेश चंद्र ने की। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते रमेश चंद्र ने कहा कि प्रदेश और केंद्र सरकार मजदूरों और कर्मचारियों के हितों के साथ खिलवाड़ कर रही हैं। रमेश ने कहा कि 12 फरवरी को पूरे देश में हड़ताल की जाएगी।

### राशन डिपो से सामान चोरी का आरोपी दबोचा

**कैथल।** थाना ढांड क्षेत्र के गांव पबनावा में राशन डिपो की दुकान से चोरी करने के मामले में थाना ढांड पुलिस प्रभारी इंस्पेक्टर सुनील कुमार की अगुवाई में एचसी नरेंद्र सिंह की टीम द्वारा करते आरोपी गांव पबनावा निवासी सचिन उर्फ घोघड़ को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि गांव पबनावा निवासी नसीब सिंह की शिकायत अनुसार वह राशन डिपो धारक के रूप में सरकारी राशन वितरण का काम करता है।

### यूजीसी एक्ट को लेकर जताया रोष

**जींद।** ब्राह्मण धर्मशाला में ब्राह्मण समाज के लोगों की बैठक यूजीसी को लेकर हुई। जिसमे यूजीसी द्वारा बनाए गए यूजीसी एक्ट 2026 बारे चर्चा की। चर्चा के दौरान एक्ट को सामान्य वर्ग के विद्यार्थियों के लिए शत-प्रतिशत अहित में पाया गया। एक्ट के लागू होने से सामान्य वर्ग के छात्र व छात्राओं को कॉलेज या विवि में डर के साये में पढ़ना होगा।

### मोटर स्टार्टर व केबल चोरी का आरोपी पकड़ा

**कैथल।** पूंडरी क्षेत्र में सरकारी नलकूप से मोटर स्टार्टर व तार के मामले की जांच एंटी व्हीकल थेफ्ट स्टॉफ प्रभारी एसआई प्रदीप की अगुवाई में एएसआई लखविन्द्र की टीम ने आरोपी काकौत निवासी साहिल को काबू कर लिया।

## फाइव-डे बैंकिंग की मांग को लेकर बैंक कर्मचारी हड़ताल पर, 150 से अधिक शाखाओं पर लटके ताले

# जींद में दो हजार करोड़ का लेनदेन प्रभावित

### एटीएम मशीनें रही खाली, कैश के लिए भटके लोग

कर्मियों की हड़ताल के चलते उपभोक्ताओं को परेशानी उठानी पड़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶। जींद

यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियन के आह्वान पर मंगलवार को बैंक कर्मियों ने हडताल कर शहर में प्रदर्शन किया और मांगों को लेकर नारेबाजी की। बैंक कर्मियों का कहना था कि उनकी एक ही मांग है कि वो सप्ताह में केवल फाइव डे बैंकिंग हैं। बैंक कर्मियों के हडताल पर रहने के चलते जिलाभर में दो हजार करोड़ का लेन-देन प्रभावित हुआ और 150 से अधिक बैंकों पर ताले लटके रहे। बैंक कर्मियों की हडताल के चलते उपभोक्ताओं को भी परेशानी उठानी पड़ी। अधिकतर एटीएम मशीनें खाली रही और कैश के लिए लोगों को भटकते हुए देखा गया। युनाइटेड फोरम और बैंक यूनियन के आह्वान पर बैंकों के कर्मचारी मंगलवार को प्रधान सुखबीर के नेतृत्व में एकत्रित हुए। बैंक कर्मियों को संबोधित करते कहा कि उनकी हड़ताल की मुख्य मांग है कि पांच दिन बैंकिंग की मांग को पूरा किया जाए। उन्होंने कहा कि यह मांग उनकी कोई नई मांग नहीं है। 2012 से कर्मचारी इसकी मांग करते आ रहे हैं। 2015 में भी सरकार के साथ इस मांग को लेकर बातचीत हुई। उनकी मांग को इस बार के वेतन समझौते में जो एक नवंबर 2022 से लागू है, उनमें इन प्रिंसिपल एग्रीड और डोक्यूमेंटिड है। वेतन समझौते में स्वीकार होने के बावजूद सरकार उदासनी रवैया अपनाए हुए है और जानबूझ कर उनकी फाइव डे बैंकिंग की मांग को पूरा नहीं कर रही। उनकी इस हड़ताल से यही मांग है कि फाइव डे बैंकिंग को लागू किया जाए ताकि जो बैंक कर्मचारी हैं, उनका वर्क लाइफ और प्रोफेशनल लाइफ में बैलेंस बना रहे।



जींद। मांगों को लेकर नारेबाजी करते बैंक कर्मचारी। फोटो :हरिभूमि



जींद। हड़ताल को लेकर चस्पा किया गया नोटिस। फोटो :हरिभूमि

#### आज से सुचारू रूप से शुरू होगा काम

लीड बैंक मैनेजर अनुपम मरांडी ने कहा कि फाइव डे बैंकिंग की मांग को लेकर जिलेभर के अलग-अलग बैंकों की शाखाओं के कर्मचारी हड़ताल पर रहे हैं। इस कारण बैंकों में काफी लेनदेन प्रभावित रहा। बुधवार से सभी बैंक कर्मचारी काम पर लौट लाएंगे। इससे लोगों के काम सुचारू रूप से हो पाएंगे।

#### उपभोक्ताओं को उठानी पड़ी परेशानी

बैंक कर्मियों की हड़ताल के चलते उपभोक्ताओं को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। बैंक उपभोक्ताओं को इधर से उधर घूमते देखा गया। वहीं जिला के अधिकतर बैंक एटीएम में कैश भी समाप्त हो गया था। जिसने उपभोक्ताओं को परेशानी में डाला। उपभोक्ता विजेंद्र ने बताया कि उसे पंजाब नैशनल बैंक में राशि को जमा करवाना था लेकिन बैंकों की हड़ताल होने के कारण वे राशि को जमा नहीं करवा पाए हैं। वहीं दुकानदार राजेश ने बताया कि वे बैंकों में कैश जमा कराने केलिए घूम रहे थे। सोमवार को गणतंत्र दिवस की छुट्टी थी और रविवार को वैसे ही छुट्टी होती है। अब मंगलवार को भी वो अपनी पूंजी को जमा नही करवा पा रहे हैं। बात अब बुधवार पर चली गई है।

#### मजबूरी में उठाया हड़ताल के लिए कदम

इस कारण कर्मचारियों के पास अंतिम विकल्प केवल हड़ताल का रह जाता है। सारे पब्लिक सेक्टर बैंक, रिजनल रूरल बैंक और शेड्यूल कमर्शियल बैंक कर्मचारी हड़ताल पर हैं। कहा कि हड़ताल उन्होंने मजबूरी में की है। केंद्र सरकार ने कर्मचारियों को हड़ताल के लिए मजबूर किया है, वे हड़ताल तक पहुंचे। हड़ताल करने की वहज यह थी कि पांच दिवसीय कार्य सप्ताह है, वह सभी केंद्र और स्टेट सरकार के दफ्तरों में 1980 से लागू है। केंद्र और स्टेट सरकार की कोइ भी सेवा शनिवार व रविवार को ऑनलाइन माध्यम से नहीं ले सकते। बैंकों में आज के दिन 99 प्रतिशत सेवाएं डिजीटल माध्यम से हो रही हैं। 100 में से 99 ट्रांसजेक्शन ऑनलाइन माध्यम स हो रही हैं। पब्लिक को सातों दिन बैंकिंग सेवा मिलेगी, पर जो बैंक के कर्मचारी हैं, उनके पांच दिवसीय कार्य सप्ताह की मांग कर रहे हैं। कहा पहले सरकार ने आश्वासन दिया था कि जब बैंक की 99 प्रतिशत सेवाएं डिजिटल माध्यम से हो जाएंगी तब उनकी पांच दिवसीय कार्य सप्ताह की मांग को पूरा कर दिया जाएगा। इसके बाद भी कर्मचारियों को मांग को पूरा नहीं किया जा रहा। कहा कि जब बैंक कर्मचारी हड़ताल पर जाता है तो अपना वेतन कटवा कर हड़ताल पर जाता है जबकि अन्य विभाग के कर्मचारी जब हड़ताल पर जाते हैं तो वे हड़ताल का दिन अवकाश में जोड़ देते हैं। वे वेतन कटवा कर मजबूरी में हड़ताल पर आए हैं। मांग को लेकर ट्विटर पर भी अभियान चलाया है। जिसे काफी समर्थन मिला है। उनकी मांग पूरी नहीं होती तो वे और जोर-शोर से अपनी मांग को सरकार के सामने रखेंगे और उन्हें उम्मीद है कि सरकार उनकी मांग को पूरा कर देगी।



कैथल। बैंक में हड़ताल कर नारेबाजी करते कर्मचारी। फोटो :हरिभूमि

### सप्ताह में पांच दिन ड्यूटी की मांग को लेकर बैंक कर्मचारियों ने की हड़ताल

रिभूमि न्यूज ▶▶। कैथल

सप्ताह में पांच दिन ड्यूटी की मांग को लेकर कैथल के बैंक कर्मियों ने मंगलवार को एक दिवसीय हड़ताल कर सरकार के खिलाफ नारेबाजी कर रोष जताया। हडताल के कारण जिलेभर में बैंकिंग व्यवस्था पूरी तरह प्रभावित रही। इस हड़ताल में भारतीय स्टेट बैंक, पंजाब नेशनल बैंक सहित 50 राष्ट्रीयकृत बैंकों की शाखाओं के कर्मियों ने हिस्सा लिया।

इस कारण जिले में करीब 120 करोड़ का लेन-देन प्रभावित हुआ। बैंक बंद रहने से उपभोक्ताओं को नकद निकासी, जमा, चेक क्लीयरेंस और अन्य जरूरी कामों के लिए भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियन के बैनर तले बैंक कर्मियों ने अंबाला रोड पर धरना देकर सरकार के खिलाफ रोष जताया। इस दौरान बैंक कर्मचारियों ने नारेबाजी करते हुए कहा कि अन्य सरकारी विभागों की तरह उन्हें भी सप्ताह में 5 दिन काम करने की सुविधा दी जाए। कर्मचारियों का कहना है कि बढ़ते कार्यभार और स्टाफ की कमी के बावजूद उनसे लगातार 6 दिन काम कराया जा रहा है, जिससे मानसिक व शारीरिक दबाव बढ़ रहा है। धरने पर बैठे बैंक कर्मियों ने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने उनकी मांगों को जल्द स्वीकार नहीं किया तो आंदोलन और तेज किया जाएगा।

## कैथल: बरसात ने फिर से बढ़ाई ठंडक

हरिभूमि न्यूज ▶▶। कैथल

जिले में मंगलवार को सुबह करीब 9 बजे हुई बरसात के कारण ठंड बढ़ गई। बरसात से दिनचर्या भी प्रभावित होती नजर आई। बता दें कि सुबह छह बजे आसमान में बादल छा गए। सवा नौ बजे तक सूर्य देव बादलों के बीच लुकाछिपी का खेल खेलते रहे। इसके बाद फिर करीब सवा नौ बजे बूंदाबांदी शुरू हो गई। 10 बजे तक बारिश हुई। इसके बाद फिर आसमान में बादल छा गए और 11 बजे धूप निकली आई। फिर करीब एक बजे तेज बारिश शुरू हो गई। इसके बाद शाम तक आसमान में बादल छाए रहे। बारिश के बाद अधिकतम व न्यूनतम तापमान में भी गिरावट दर्ज की गई। अधिकतम तापमान 17 डिग्री व न्यूनतम तापमान 11 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। बता दें कि सोमवार को दिनभर धूप निकली थी ठंड से कुछ राहत मिली थी। आठ किलोमीटर प्रतिघंटा रफ्तार से हवाएं चली। पश्चिमी विक्षोभ के असर से पहाड़ी क्षेत्रों में दो दिन से बर्फबारी हो रही है, जिससे कोल्ड डे की स्थिति बनी हुई है। मौसम विशेषज्ञों ने बताया कि उत्तर-पश्चिमी पर्वतीय क्षेत्रों में भारी बर्फबारी के चलते अधिकांश क्षेत्रों में दिन के तापमान में गिरावट आई। मौसम विभाग के अनुसार आने वाले दिनों में लोगों को ठंड से राहत मिल सकती है। अगले दो दिनों तक मौसम साफ बना रहने की संभावना है।



#### बदलते मौसम में किसान फसलों का ख्याल रखें

कृषि विज्ञान केंद्र के मुख्य समन्यवक रमेश चंद्र ने बताया कि मंगलवार को अच्छी बारिश हुई है। बारिश गेहूं की फसल के लिए वरदान साबित हुई है। बदलते मौसम में किसान फसलों का विशेषकर ख्याल रखें।

## बारिश के साथ ओलावृष्टि से किसान चिंतित

- दिनभर घुमड़ते रहे आकाश में बादल रूक रूक कर गिरती रही बूंदें

हरिभूमि न्यूज ▶▶। जींद

पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता से जिले में मंगलवार को हलकी बारिश हुई। कुछ स्थानों पर बारिश के साथ हुई हलकी ओलावृष्टि भी हुई। जिसने किसानो की परेशानी को बढा दिया। दिनभर आकाश में बादल घुमड़ते रहे और रूक रूक कर बूंदाबांदी भी होती रही। बारिश तो फसलों के लिए फायदेमंद है लेकिन ओलावृष्टि का भय किसानों को लगातार सताता रहा। बारिश के कारण अधिकतम तथा न्यूनतम तापमान में गिरावट दर्ज की गई। मंगलवार को अधिकतम तापमान 17 डिग्री तथा न्यूनतम तापमान नौ डिग्री दर्ज किया गया। मौसम में आद्रता 92 प्रतिशत तथा हवा की गति 13 किलोमीटर प्रति घंटा दर्ज की गई। मौसम विभाग के अनुसार बुधवार को आकश में बादलवाई बनी रहने के साथ बूंदाबांदी की संभावना है। तापमान में भी गिरावट आएगी। मंगलवार को दिन को आगाज आकाश में छाए बादलों के साथ हुआ। दिन चढने के साथ बूदांबांदी शुरू हो गई। जो रूक-रूक कर जारी रही। दिनभर आकाश में बादल घुमड़ते रहे ओर बारिश के भी आसार बने रहे। जिससे तापमान मे गिरावट दर्ज की गई। हवा की गति कुछ तेज तथा सर्द रही। आकाश में बादलों के छाए रहने से बारिश के आसार भी बने रहे। मौसम को देखते हुए लोग कम ही सड़कों पर दिखाई दिए।



जींद। बारिश के बाद खेत में कहीं-कहीं पसरी फसल। फोटो :हरिभूमि

## पत्नी की हत्या के मामले में उम्रकैद की सजा काट रहे व्यक्ति की मौत

- 35 दिन की पेरोल पर घर आया था बहादुरगढ़ निवासी महिपाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶। जींद

सफीदों खंड के गांव बहादुरगढ़ निवासी महिपाल की 25 जनवरी रात को मौत हो गई। व्यक्ति का शव घर पर ही मिला। महिपाल अपनी पत्नी की हत्या करने के मामले में जेल में उम्रकैद की सजा काट रहा था। फिलहाल 35 दिन की पैरोल पर घर आया था। उसे 27 जनवरी को वापस जेल जाना था। महिला के भाई सुभाष ने महिपाल के साले और ग्रामीणों पर महिपाल की हत्या के आरोप लगाए हैं। वहीं महिपाल की बेटी व बेटे ने अपने चाचा सुभाष पर पिता की हत्या के आरोप लगाए हैं। पुलिस का कहना है कि फिलहाल दोनों पक्षों के बयान दर्ज कर लिए हैं, किसी पर कोई मामला दर्ज नहीं किया गया है। विसरा रिपोर्ट आने के बाद इस मामले में आगामी कार्रवाई की जाएगी। 28 सितंबर 2018 को गांव सिंघाना के मार्ग पर झाडियों में महिला का शव मिला था। महिला की पहचान गांव बहादुरगढ़ निवासी महिपाल की पत्नी पिंकी के रूप में हुई थी। पुलिस ने मामले में महिपाल उसके भाई सुभाष, फरमाना निवासी मनीष व सरफाबाद निवासी सुशील को साल 2024 में उम्रकैद की सजा सुनाई थी।

## जाखौली का राफेल झोटा रहा प्रथम

**राजस्थान के गंगानगर में सौंदर्य प्रतियोगिता हुई**

हरिभूमि न्यूज ▶▶। कैथल

जाखौली गांव के राफेल झोटे ने चार राज्यों के झोटों में प्रथम स्थान पाकर अपनी धाक जमाई है। झोटे के मालिक जसवीर पुत्र जयप्रकाश ने बताया कि उनके राफेल ने राजस्थान के गंगानगर में आयोजित राष्ट्र स्तर की एडल्ट सौंदर्य प्रतियोगिता में भाग लिया था। यह प्रतियोगिता 23 जनवरी से 25 जनवरी तक आयोजित हुई थी। इस प्रतियोगिता में सारे देश से पशु बुलाये गये थे, परन्तु इसमें अधिकतर हरियाणा, पंजाब, राजस्थान व उतर प्रदेश के ही पशु आये थे। इस प्रतियोगिता में लगभग 40 झोटों ने भाग लिया और तीन दिन के बाद अंत में उनके राफेल झोटे को प्रथम स्थान मिला। उसने बताया कि उसके राफेल ने पानीपत के मतलोडा में भी दुसरा स्थान पाया था। अभी तक वह कई मेलों में भाग ले चुका है। इस दौरान इस उपलब्धि में उसको ग्याहर हजार का ईनाम भी मिला। उन्होंने अपने झोटे को अनमोल बताया है, जिसको वह कभी भी बेचना नही चाहेगा। उन्होंने बताया कि उनका यह झोटा मुर्राह नस्ल का है। इसकी उम्र केवल पांच वर्ष की है। इसको पालने के लिये प्रति दिन का खर्चा लगभग डेढ़ से दो हजार का है। उसने बताया कि उनके पास केवल तीन एकड़ खेती की जमीन है। खेती घाटे का सौदा बन चुकी है। बी ए पास करने के बाद जब उसको कोई नौकरी नही मिली तो उसने इस ओर ध्यान दिया। उसने बताया कि झोटा पालने का शौक उसको कैथल जिले के गांव बुढ़ा खेडा गांव में नरेश के सुल्तान झोटे से हुआ। उन्होंने बताया कि इसकी मां भी लगभग 22 किलों दुध दिया करती थी।



## सूदखोर की ब्लैकमेलिंग से दुःखी होकर निगला जहर

- राशि तथा ब्याज न देने पर मकान खाली करवा रहा था सूदखोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶। जींद

सूदखोर की ब्लैकमेलिंग से परेशान होकर एक व्यक्ति ने जहर निगल लिया। हालांकि व्यक्ति की जान बच गई है। सदर थाना पुलिस ने व्यक्ति की शिकायत पर सूदखोर के खिलाफ धमकी देने, ब्लैकमेल करने समेत विभिन्न भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव सिवाहा निवासी सतीश ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसने गांव के ही रोहित से लगभग एक साल पहले 55 हजार रुपये ब्याज पर लिए थे। जिसका वह मासिक ब्याज दे रहा था। उसने लगभग छह माह तक ब्याज दिया। जिसके बाद वह गांव छोड़ कर गांव शामलो कलां आ गया और फर्नीचर की दुकान कर ली। जिसके काम से उसका घर का खर्च ही चल रहा था। कुछ दिन पहले वह अपने गांव आ गया। गत 19 जनवरी को वह पिल्लूखेड़ा आया हुआ था। जहां पर रोहित मिल गया और रुपये मांगे। रुपये न देने पर मकान खाली करने के लिए कहा। रोहित की धमकी से परेशान हो कर उसने जहरीला पदार्थ निगल लिया।

## इंडस पब्लिक स्कूल में पुण्यतिथि पर लगाया रक्तदान एवं स्वास्थ्य जांच शिविर

# चौधरी मित्रसेन आर्य महान व्यक्तित्व के धनी थे: पूनिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶। कैथल

इंडस पब्लिक स्कूल में विद्यालय के संस्थापक चौधरी मित्रसेन आर्य की पुण्यतिथि 'रिमेंबर्स डे के अवसर पर विभिन्न सामाजिक, शैक्षिक एवं जनकल्याणकारी गतिविधियों का आयोजन श्रद्धा एवं सम्मान के साथ किया गया। फ्री स्वास्थ्य जांच शिविर, रक्तदान शिविर सहित अनेक प्रेरणादायक कार्यक्रम संपन्न हुए। कार्यक्रम की शुरुआत हवन-यज्ञ से हुई, जिसमें भजन एवं भाषणों के माध्यम से चौधरी मित्रसेन आर्य के जीवन-मूल्यों, समाज सेवा एवं मानव कल्याण हेतु किए गए योगदान को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की गई। उनकी स्मृति में निर्मित भारत मित्र स्तंभ पर विद्यार्थियों के लिए क्विज प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया था जिसमें विजेता विद्यार्थियों को खांडा खेड़ी हिसार में मेडल एवं नकद पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर में विद्यार्थियों का संपूर्ण स्वास्थ्य निरीक्षण किया गया जिसमें विशेषतः बच्चों की सामान्य शारीरिक स्थिति आँख, नाक, कान, दाँत, वजन, लंबाई तथा अन्य आवश्यक स्वास्थ्य मानकों की जाँच की गई। डॉक्टरों द्वारा बच्चों के स्वास्थ्य से संबंधित महत्त्वपूर्ण सुझाव भी दिए गए। रक्तदान शिविर का शुभारंभ विशिष्ट अतिथि रामजी लाल एवं डॉ. बीरबल दलाल के कर-कमलों द्वारा किया । आयोजन की सफलता में विद्यालय के स्टाफ सदस्यों के साथ-साथ अभिभावकों का भी सराहनीय सहयोग रहा। चौधरी मित्र सेन आर्य के आदर्शों का पालन करते तथा समाज सेवा की भावना को साकार करते विद्यालय एवं विद्यार्थियों द्वारा वृद्धाश्रम एवं अनाथ आश्रम में यथोचित सहायता प्रदान की गई।



कैथल। इंडस पब्लिक स्कूल में रक्तदान करते रक्तदाता। फोटो :हरिभूमि

#### आदर्शों को अपनाने का आह्वान

विद्यालय की प्रधानाचार्या तनु पूनिया ने अपने वक्तव्य में कहा कि चौधरी मित्रसेन आर्य एक महान व्यक्तित्व के धनी थे। हमें उनके जीवन से प्रेरणा लेकर समाज के कल्याण हेतु सदैव तत्पर रहना चाहिए तथा "मित्रस्य चक्षुषा समीक्षामहे • के आदर्श को अपने जीवन में अपनाना चाहिए। विद्यालय के डायरेक्टर अभिषेक सहारण एवं प्रधानाचार्या तनु पूनिया के कुशल मार्गदर्शन में यह संपूर्ण आयोजन अत्यंत सुव्यवस्थित, प्रेरणादायक एवं सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

## जानलेवा हमले का आरोपित नेपाल बॉर्डर से किया गिरफ्तार

- मामले में 2 आरोपी पहले किए जा चुके गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶। कैथल

गांव टयौंठा में एक युवक पर गोली चलाकर जानलेवा हमला करने के मामले में स्पेशल डिटेक्टिव यूनिट प्रभारी इंस्पेक्टर रमेश की अगुवाई में एसआई सुभाष चंद की टीम द्वारा आरोपी गांव टयौंठा के नवीन उर्फ मुस्सा को नेपाल बॉर्डर बिहार से 21 जनवरी को गिरफ्तार किया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि टयौंठा निवासी विक्रम की शिकायत 19 मार्च 2024 को दोपहर करीब 3.30 बजे उसका भतीजा गोपाल व उसके चाचा का लड़का बंसी लाल ट्योन्ठा सरकारी स्कूल के पास छोले कुलचे की रेहड़ी के पास कुल्चे खा रहे थे। थोड़ी देर में एक मोटरसाइकिल पर वहां आए ट्योन्ठा निवासी रोहित व मोहना निवासी निशांत उसके भतीजे गोपाल को कहने लगे कि आज तुझे हमारे खिलाफ मुकदमा दर्ज करवाने का मजा चखाते हैं और इतना कहते ही रोहित के हाथ से निशांत ने पिस्टल लेकर गोपाल के ऊपर जान से मारने की नियत से कई गोलियां चलाई जिनमे एक गोली गोपाल के दाईं साईड पांसु मे लगी। गोपाल गोली लगते ही जमीन पर गिर गया। उसने शौर किया तो रोहित व निशांत बाइक पर पिस्टल सहित मौका से भाग गए।

## खबर संक्षेप

### सेवा समिति के लेखराम गौतम प्रधान मनोनित

**जींद**। मानव सेवा समिति का त्रिवार्षिक चुनाव ओमप्रकाश सुलचानी व शीशपाल लोहान की देखरेख व निगरानी में हुआ। चुनाव के लिए कोई नामांकन प्राप्त नही हुआ। जिस पर सर्वसम्मति से चुनाव करवाया जाए। प्रधान लेखराम गौतम, महासचिव सतबीर शर्मा, कोषाध्यक्ष धर्मबीर पूनिया, सरंक्षक प्रेम भारद्वाज, वरिष्ठ उप प्रधान आरडी मान, उप प्रधान सत्यनारायण शर्मा, उप प्रधान धूप सिंह, सह सचिव सतबीर, सतपाल शर्मा ऑडिटर का पद संभालेगें।

### पटवारी सोहन मांडी को किया सम्मानित

**उचाना**। करसिंधु, पालवां के पटवारी सोहन मांडी को गणतंत्र दिवस पर विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री द्वारा बेहतर कार्य करने पर सम्मानित किया। इस दौरान एसडीएम दलजीत सिंह मौजूद रहे। इंतकाल, जमीन से संबंधित कार्य जल्दी निपटान करने पर प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया। पटवारी सोहन मांडी ने कहा कि जो भी कार्य के लिए आता है प्रयास रहती है उसका कार्य जल्द से जल्द हो।

### मुआवजा राशि दूसरे खाते में की ट्रांसफर

**जींद**। गांव बुआना के किसान की अधिगृहत जमीन के दस्तावेजों में फर्जीवाड़ा कर मुआवजा राशि दूसरे के खाते में ट्रांसफर करने पर नंबरदार समेत कुछ अन्य लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले जांच कर रही है। बुआना निवासी जयसिंह ने पुलिस के दी शिकायत में बताया कि उसकी जमीन का सरकार ने अधिग्रहण किया था।

### अलग-अलग स्थानों से दो युवतियां लापता

**जींद**। शहर में अगल-अलग स्थानों से दो युवतियों के गायब होने पर पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मामले दर्ज किए हैं। पुलिस मामलो की जांच कर रही है। काठमंडी निवासी एक महिला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत दिवस उसकी बेटी घर से गायब हो गई। वही सुभाष नगर से भी गत दिवस एक 18 वर्षीय युवती गायब हो गई। तलाशने तथा पूछताछ करने पर दोनों युवतियों का कोई सुराग नही लगा।

### सामाजिक कार्यों के लिए प्रदीप को सम्मानित किया

**जींद**। गणतंत्र दिवस के अवसर पर युवा विकास समिति जींद के अध्यक्ष प्रदीप रेढू को सम्मानित किया गया। कैबिनेट मंत्री श्रुति चौधरी व डीसी मोहमद इमरान रजा और एसपी कुलदीप सिंह के द्वारा प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया गया। युवा विकास समिति जींद के महासचिव विनोद शर्मा व संयोजक प्रवीण सैनी ने बताया कि युवा विकास समिति जींद लगातार सामाजिक कार्य कर रही है।

### जिला स्तरीय प्रतियोगिता में एसडी स्कूल घिमाना अव्वल

**जींद**। फेडरेशन ऑफ प्राइवेट स्कूल वेलफेयर एसोसिएशन जींद द्वारा जिला स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन हर साल की तरह इस वर्ष भी हुआ। यह प्रतियोगिता भगवान परशुराम सीनियर सेकेंडरी स्कूल खांडा अलेवा में करवाई गई। इसमें एसडी सीनियर सेकेंडरी स्कूल घिमाना की छात्रा प्रिया ने 100 अंकों में से 88 अंक लेकर जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया।

### तीस को उठेगी सामाजिक समरसता की अलख

**जींद**। पांडु पिंडारा तीथ स्थित हरियाणा आश्रम में 30 जनवरी को सामाजिक समरसता की अलख उठेगी। इस दौरान नेताओं और अधिकारियों की मौजूदगी में सैंकड़ों लोग समाजहित में बड़ा संकल्प लेंगे। हरियाणा आश्रम के संचालक स्वामी चंद्रानंद महाराज ने बताया कि स्वामी सूर्यानंद महाराज की 36वीं पुण्यतिथि पर इस कार्यक्रम का आयोजन होगा।

### आयुष विभाग ने निकाली झांकी

**जींद**। गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में आयुष विभाग द्वारा विश्व स्वास्थ्य के लिए आयुष शीर्षक पर झांकी निकाली गई। जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डा. अमित रोहिल्ला ने बताया कि आयुष विभाग की झांकी का उद्देश्य आयुर्वेद, यूनानी एवं प्राकृतिक चिकित्सा के माध्यम से विश्व को स्वास्थ्य का संदेश देती है।

## जिलेभर के स्कूल और कॉलेजों में धूमधाम से मनाया गणतंत्र दिवस

# गणतंत्र दिवस भारत के गौरव, स्वाभिमान का प्रतीक

### देश के लिए अब मरने की आवश्यकता नहीं बल्कि संभालने की जरूरत

**देश के लिए बलिदान हुए शहीदों के हम सब ऋणी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

डीएवी शताब्दी पब्लिक स्कूल में धूमधाम से गणतंत्र दिवस मनाया गया। निदेशक हरियाणा साहित्य एवं संस्कृति डा. धर्मदेव विद्यार्थी एवं डीएवी प्राचार्या रश्मि विद्यार्थी ने ध्वजारोहण किया तथा सभी ने मिल कर राष्ट्रीय गान गाया। डा. विद्यार्थी ने सभी को गणतंत्र दिवस की बधाई देते कहा कि आज के दिन हमारा संविधान बना था। इतिहास का वर्णन करते हुए उन्होंने कहा कि किस प्रकार देश का बंटवारा हुआ और कितने कष्ट सहन करते हुए भारतीय लोगों ने देश को संभाला। हमारे देश की अनेक नाम हुए हैं। जर, जोरू और जमीन के कारण पहले भी लड़ाइयां होती थी और आज भी होती है। देश के लिए बलिदान हुए शहीदों के हम सब ऋणी हैं। स्वतंत्र देश के लिए अब मरने की आवश्यकता नही बल्कि देश के लिए जीने की बारी है, देश को संभालने की जरूरत है। अपने मानव होने का फर्ज निभाने की आवश्यकता है। डीएवी प्राचार्या रश्मि विद्यार्थी ने यूं तो एक चिंगारी मंगल पांडे ने जगाई थी कविता के माध्यम से सभी को देश भक्ति से ओत प्रोत कर दिया। स्वतंत्र देश के लिए अब मरने की आवश्यकता नही बल्कि देश के लिए जीने की बारी है, देश को संभालने की जरूरत है। उन्होंने बताया कि हम सब आज 77वां गणतंत्र दिवस मनाने के लिए एकत्रित हैं। यह दिन केवल एक राष्ट्रीय पर्व नही बल्कि भारत के गौरव, स्वाभिमान और लोकतांत्रिक चेतना का प्रतीक है।



जींद। तिरंगा फहरा कर नमन करते डा. विद्यार्थी व अन्य। फोटो :हरिभूमि



जींद। ध्वजारोहण करते प्रबंधक समिति पदाधिकारी। फोटो :हरिभूमि



जींद। झंडा फहराते हरियाणा शिक्षा बोर्ड भिवानी के चैयरमैन डा. पवन शर्मा।

### देशभक्ति गीतों पर किया सुंदर नृत्य

26 जनवरी 1950 को हमारा संविधान लागू हुआ और भारत एक संप्रभु, समाजवादी, धर्मनिरपेक्ष एवं लोकतांत्रिक गणराज्य बना। हमारा संविधान हमें अधिकारों के साथ-साथ कर्तव्यों की भी याद दिलाता है। यह हमें समानता, स्वतंत्रता और न्याय का मार्ग दिखाता है। आज के दिन हमें यह संकल्प लेना चाहिए कि हम न केवल अपने अधिकारों की रक्षा करेंगे बल्कि अपने कर्तव्यों का भी ईमानदारी से पालन करेंगे। सुजाता शर्मा ने संविधान के बारे में सभी को बताया। अनुभूति ने देश भक्ति गीतों पर शानदार नृत्य किया। पारुल व सुनीता ने बस फर्ज से तुम निभा जाओ देशभक्ति कविता सुनाई। पूजा पटवा ने तेरा हिमालय आकाश छू ले बहती रहे गंगा, तारों को छू ले तिरंगा देश भक्ति गीत सुनाया। वहीं सुजाता चुघ ने मेरा रंग दे बसंती चोला, मानित ने मैं उस भारत से आता हूं कविता, तान्या व मन्नू ने छोड़ो कल की बातें कल की बात पुरानी, हम हिंदुस्तानी, अनिल कुश ने किसी से कोई बैर न करें गीत, मंजू ने भारतीय हैं हम कविता प्रस्तुत की। गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर लड्डू बांटे गए तथा अध्यापकगण ने मिल कर देशभक्ति नारे लगाए व देशभक्ति गीतों पर नृत्य भी किया।

### हिंदू कालेज में मनाया गणतंत्र दिवस

**जींद**। हिंदू कन्या महाविद्यालय जींद के प्रांगण में देश का 77वां गणतंत्र दिवस बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्रबंधक समिति के उप प्रधान बलदेव राज आहूजा, महासचिव मुकेश जैन, कॉलेज कार्यकारिणी के सदस्य राजकुमार सिंगला, कैलाश सिंगला एवं एडवोकेट सुरेंद्र पूनिया के द्वारा ध्वजारोहण किया गया। कालेज प्राचार्या डा. पूनम मोर, शिक्षक एवं गैर शिक्षक वर्ग के सदस्यों, एनसीसी एवं एनएसएस के विद्यार्थियों एवं उपस्थित सभी लोगों ने राष्ट्रगान के माध्यम से राष्ट्रीय ध्वज का सम्मान किया। प्राचार्या डा. पूनम मोर ने मंच के माध्यम से छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि आज का दिन हमारे देश के लिए बहुत ही गौरव और गर्व का दिन है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक युवा का यह दायित्व बनता है कि वह अपने हृदय में देशप्रेम का जज्बा रखें और अपने देश की एकता एवं अखंडता को बनाए रखने के लिए हमेशा प्रयासरत रहें। प्रसाद के रूप में लड्डू वितरण के साथ ध्वजारोहण समारोह का समापन हुआ। इस अवसर पर सभी ने देश की एकता और अखंडता को बनाए रखने की शपथ भी ली।

### सुंदर-सुंदर झांकियों से मोहा सबका मन

**जींद**। राजकीय वमावि खांडा में 77वें गणतंत्र दिवस के सांस्कृतिक कार्यक्रम में हरियाणा शिक्षा बोर्ड भिवानी के चैयरमैन डा. पवन शर्मा मुख्यअतिथि एवं वाइस चेयरमैन सतीश शाहपुर विशिष्ट अतिथि के रूप में शिरकत की और बच्चों को आशीर्वाद दिया। विद्यालय में नया परीक्षा केंद्र बनने की बधाई दी। इस अवसर पर प्रधानाचार्य डा. अशोक कुमार ने कार्यक्रम की अध्यक्षता करते एनएसएस अधिकारी देवेंद्र कौशिक ने स्वयंसेवकों के साथ मिल कर रंगोली बनाई। मंच संचालन करते डा. रामचंद्र भारद्वाज ने नृत्य देशभक्ति गीत एवं अन्य गतिविधियों में बच्चों को शामिल किया। सुंदर-सुंदर झांकियां दिखा कर छोटे-छोटे बच्चों ने दर्शकों का मनमोहा। मुख्यअतिथि डा. पवन शर्मा ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। ब्लॉक समिति के चैयरमैन ग्राम सरपंच सोनू, एसएमसी प्रधान राजेश भारद्वाज, ग्राम सभा के प्रधान रोशन लाल शर्मा, बलवान शर्मा, पूर्व प्रधानाचार्य धर्मवीर भारद्वाज, बालक राम शर्मा आदि मौजूद रहे।

### धूमधाम से मनाया गणतंत्र दिवस समारोह

**जींद**। भाविप जयंती शाखा जींद द्वारा 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस का समारोह बड़े ही हर्षोल्लास, देशभक्ति और गरिमामय वातावरण में धूमधाम से मनाया । कार्यक्रम की शुरुआत ध्वजारोहण के साथ हुई। जिसके पश्चात सदस्यों एवं गणमान्य नागरिकों ने राष्ट्रगान गाकर देश के प्रति अपनी निष्ठा व्यक्त की।

### ध्वजारोहण कर छात्रों के गणतंत्र दिवस का महत्व बताया

**उचाना**। गणतंत्र दिवस पर निजी स्कूलों में कार्यक्रम आयोजित हुए। सीएमडी प्लस प्वाइंट ग्रुप ऑफ एजुकेशन आरएम सांगवान ने ध्वजारोहण कर छात्रों के गणतंत्र दिवस के महत्व के बारे में विस्तार से बताया। विद्यार्थियों ने सुंदर-सुंदर प्रस्तुति दी। शिव गुरूकुलम छात्तर में ध्वजा रोहण कर प्राचार्य अजीत गौत्तम ने छात्रों को संविधान को लेकर विस्तार से बताया। शिरड़ी सांई स्कूल डोहाना खेड़ा में गणतंत्र पर लेखन प्रतियोगिता हुई। चाणक्य इंटरनेशनल स्कूल कसूहन में गणतंत्र दिवस पर प्रतियोगिता आयोजित हुई। प्राचार्या रितु अत्री ने कलरिंग, फ्लैग मेकिंग सहित अन्य प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने बढ़चढ़ कर भाग लिया। गीता विद्या मंदिर स्कूल उचाना मंडी में प्रधान सुरेंद्र जैन, अशोका विद्या मंदिर स्कूल खटकड़ में शिक्षाविद सुनील खटकड़, आरकेएसडी स्कूल तारखा में नरेंद वत्स ने ध्वजारोहण किया।



उचाना। डाहोना खेड़ा में आयोजित प्रतियोगिता में हिस्सा लेने वालों को सम्मानित करते हुए।



उचाना। कार्यक्रम में हिस्सा लेने वाले चाणक्य स्कूल प्रतिभागी।

### कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने फहराया तिरंगा

**जींद**। देश के 77 वें गणतंत्र दिवस पर कांग्रेस के जिला कार्यालय में भव्य समारोह का आयोजन किया। कांग्रेस के जिला अध्यक्ष रिषिपाल हैबतपुर ने विधिविधान से राष्ट्रीय ध्वज फहराया और उपस्थित कार्यकर्ताओं व जिला वासियों को संबोधित करते कहा कि भारत का लोकतंत्र बाबा साहेब अंबेडकर द्वारा रचित संविधान की ही देन है। संविधान ने देश के हर नागरिक को समान अधिकार, स्वतंत्रता और न्याय दिलाने का मार्ग प्रशस्त किया है और इसी की बदौलत आज भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र बना है। अपने ओजस्वी सम्बोधन में रिषिपाल हैबतपुर ने कहा कि गणतंत्र दिवस केवल एक पर्व नही बल्कि यह दिन हमें हमारे अधिकारों, कर्तव्यों और संविधान की मूल भावना को याद दिलाता है। कहा कि कांग्रेस पार्टी ने देश की आजादी के लिए सबसे लंबा और कठिन संघर्ष किया, जिसमें हजारों शहीदों ने अपने प्राणों की आहुति दी। उन्हीं बलिदानों की बदौलत आज हम स्वतंत्र भारत में सांस ले रहे हैं। रिषिपाल ने बाबा साहेब डा. बीआर अंबेडकर के योगदान को याद करते कहा कि उन्होंने ऐसा संविधान दिया, जिसमें समाज के अंतिम व्यक्ति तक को न्याय दिलाने की व्यवस्था की है।



जींद। ध्वजारोहण करते कांग्रेस जिलाध्यक्ष रिषिपाल हैबतपुर।





नरवाना। विजेता टीमों को सम्मानित करते हुए। फोटो :हरिभूमि

### विजेताओं विद्यार्थियों को किया सम्मानित

**नरवाना**। चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय जींद द्वारा इंटर जोनल यूथ फेस्टिवल का आयोजन 21 से 23 जनवरी तक किया गया। सांस्कृतिक विधाओं के इस महाकुंभ में भाग लेते केएम राजकीय महाविद्यालय नरवाना की टीम ने 13 विधाओं में पुरस्कार प्राप्त किए। महाविद्यालय आगमन पर युवा कल्याण एवं सांस्कृतिक विभाग की टीम एवं प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए प्राचार्या डा. मीनू सिंह ने कहा कि हमारे महाविद्यालय के लिए बड़े गर्व का क्षण है कि इंटर जोनल यूथ फेस्टिवल की इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में सांग की पंडित लख्मीचंद ट्रॉफी के साथ विभिन्न तेरह विधाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए अपनी प्रतिभा की छाप छोड़ी। यह केवल हमारे लिए जीत ही नहीं है बल्कि हमारे प्रतिभागियों के मेहनत एवं समस्त सांस्कृतिक विभाग की टीम के समर्पण का परिणाम है। युवा कल्याण एवं सांस्कृतिक विभाग की संयोजिका प्रोफेसर उषा शर्मा ने यूथ फेस्टिवल में प्राप्त किए पुरस्कार एवं परिणाम के संबंध में बताते कहा कि सांग विद्या में प्रथम स्थान हासिल किया।

### शहीदों के दिखाए मार्ग पर चलने का आह्वान

**जींद**। नरवाना रोड स्थित नव विद्या सीनियर सेकेंडरी स्कूल में गणतंत्र दिवस समारोह धूमाधाम से संपन्न हुआ। जिसमें मुख्यातिथि के रूप में हरियाणा सहकारी ग्रामीण विकास बैंक के चेयरमैन अमरपाल पाल राणा ने शिरकत की तथा समारोह की अध्यक्षता हरियाणा निजी स्कूल संघ के प्रदेश अध्यक्ष वजीर सिंह ढांडा ने की। राजेश कुमार, दलशेर लोहान, सतीश मलिक विशेष रूप से उपस्थित थे। स्कूल के मैनेजिंग डायरेक्टर पुरुषोत्तम शर्मा ने मेहमानों का स्वागत किया। बच्चों ने देश भक्ति के बड़े अच्छे अच्छे डांस प्रस्तुत किए। बच्चों का उत्साह बढ़ाने तथा विद्यालय को आशीर्वाद देने के लिए अच्छी संख्या में बच्चों अभिभावक उपस्थित थे। वजीर ढांडा ने कहा कि हमें बाकी कार्यों में खर्च कम और बच्चो की पढ़ाई पर ज्यादा खर्च करना चाहिए ताकि ये जीवन में आगे बढ़ सकें। मुख्यातिथि ने कहा कि आज के माहौल में बच्चों को मोबाइल से दूरी बनानी चाहिए। ज्यादा फोन प्रयोग करना हर किसी के लिए हानिकारक है। शहीदों ने कुर्बानी दे कर देश को आजाद करवाया था, आज उसको संजोए रखना आवश्यक है। मुख्यातिथि के द्वारा बच्चों को पुरस्कार वितरण करके सम्मानित किया गया।



जींद। कार्यक्रम में बच्चों को सम्मानित करते हुए। फोटो :हरिभूमि



जींद। कार्यक्रम में भाग लेते गणमान्य लोग। फोटो :हरिभूमि

### विजेता विद्यार्थियों को किया पुरस्कार

**जींद**। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कालवा में गणतंत्र दिवस के अवसर पर समारोह का आयाजन किया गया। कार्यक्रम में पिल्लूखेड़ा ब्लॉक सरपंच एसोसिएशन के प्रधान सोनू शर्मा ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने रंगारंग प्रस्तुति दी। मुख्यातिथि सोनू शर्मा ने परेड की सलामी ली और ध्वजारोहण किया। विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए प्रधान सोनू शर्मा ने कहा कि आज से 76 वर्ष पहले 26 जनवरी 1950 को भारत ने दुनिया का सबसे बड़ा और विशेष संविधान अपनाया। गणतंत्र दिवस के साथ देशभक्तों के त्याग, तप और बलिदान की एक लंबी गौरव गाथा जुड़ी है। उन्होंने कहा कि आज का यह ऐतिहासिक दिन देशवासियों को एक मजबूत राष्ट्र के रूप में आगे बढने के लिए साहस और प्रेरणा देता है। इस दिन हम उन महापुरुषों को भी याद करते हैं, जिन्होंने भारत को स्वतंत्रता दिलवाने और भारतीय संविधान को लागू करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। प्रधान सोनू शर्मा ने विद्यालय में पीने के पानी की समस्या को देखते हुए विद्यालय में आरओ चिंलिग वाटर कूलर दिया और कार्यक्रम में प्रस्तुति देने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया।



कार्यक्रम में प्रस्तुति देने वालों को सम्मानित करते विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री।

### उचाना कपास मंडी में विधायक ने फहराया तिरंगा

**उचाना**। कपास मंडी में 77वां गणतंत्र दिवस समारोह पूरी गरिमा और देशभक्ति के साथ मनाया गया। समारोह के मुख्य अतिथि विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। जिसके बाद पूरा मैदान राष्ट्रगान की धुन से गूंज उठा। ध्वजारोहण के पश्चात विधायक अत्री ने परेड का निरीक्षण किया। परेड में पुलिस, हरियाणा सशस्त्र पुलिस, हरियाणा गृह रक्षी की प्लाटूनों के साथ-साथ एनसीसी और स्काउट की टुकड़ियों ने अनुशासित कदमताल करते हुए मुख्य अतिथि को सलामी दी। विशिष्ट अतिथि नपा चेयरमैन विकास काला रहे। अध्यक्षता एसडीएम दलजीत सिंह ने की। अत्री ने सरकार के कामकाज को जनता के सामने रखा। उन्होंने बताया कि कैसे जनकल्याणकारी नीतियों के कारण प्रदेश देश में आगे बढ़ रहा है। समारोह में स्कूली बच्चों द्वारा देशप्रेम से ओतप्रोत रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां भी साथ-साथ चल रही हैए जिन्होंने वहां मौजूद दर्शकों का मन मोह लिया है। विधायक ने कहा कि आज देश ने मिसाइलें ही नहीं बनाई बल्कि चंद्रयान, सूर्या यान और मंगलयान जैसे मिशन भी सफलतापूर्वक संचालित किए हैं। भारत चन्द्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर चंद्रयान 3 उतारने वाला दुनिया का पहला देश बन गया है। अग्निवीरों के लिए सीधी भर्ती में 10 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान किया गया है।

# वेदांता स्कूल की टीम सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

वेदांता इंटरनेशनल स्कूल कलौदा खुर्द ने एक बार फिर यह सिद्ध कर दिया कि स्कूल न केवल शैक्षणिक क्षेत्र में बल्कि सहशैक्षणिक गतिविधियों में भी निरंतर उत्कृष्टता की ओर अग्रसर है। नरवाना में आयोजित भव्य ब्लॉक स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह में विद्यालय के होनहार विद्यार्थियों ने मनमोहक, ऊर्जावान एवं देशभक्ति से ओतप्रोत प्रस्तुति से ऐसा समां बांधा कि पूरा पंडाल तालियों की गडग़ड़ाहट से गूंज उठा। छात्रों की भावपूर्ण अभिव्यक्ति, अनुशासित मंच संचालन और प्रभावशाली प्रस्तुति ने उपस्थित जनसमूह को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम के दौरान हर प्रस्तुति में छात्रों का आत्मविश्वास, टीम भावना और कला कौशल स्पष्ट रूप से झलक रहा था। जिसने वेदांता इंटरनेशनल स्कूल को पूरे ब्लॉक स्तर पर एक विशिष्ट पहचान दिलाई। इस गौरवपूर्ण कार्यक्रम के मुख्यअतिथि पानीपत सिटी के विधायक प्रमोद कुमार विज रहे। जिन्होंने विद्यार्थियों की प्रतिभाए, आत्मविश्वास और अनुशासन की मंच से भूरि-भूरि प्रशंसा की। उन्होंने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते विद्यालय द्वारा दिए जा रहे संस्कारों एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की भी सराहना की। छात्रों ने न केवल मंच पर कला का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया बल्कि अद्भुत आत्मविश्वास और भाव प्रवण प्रस्तुति से समारोह में सभी अतिथियों का दिल जीत लिया।



जींद। बच्चों को सम्मानित करते हुए। फोटो :हरिभूमि



जुलाना। कार्यक्रम में ध्वजारोहण करते मुख्यातिथि मनीषा रंधावा।

### देश के विकास में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान

**जुलाना**। जुलाना कस्बे की नई अनाजमंडी में 77वां गणतंत्र दिवस बड़े ही हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में जिला परिषद की चेयरपर्सन मनीषा रंधावा ने शिरकत की। राष्ट्रीय ध्वज फहरा कर कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत की और उपस्थित लोगों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में पुलिस, एनसीसी, स्काउट्स एवं गाइड्स तथा विभिन्न स्कूलों के विद्यार्थियों ने आकर्षक परेड प्रस्तुत की। परेड के दौरान बच्चों का अनुशासन और तालमेल देखने लायक रहा। इसके अलावा स्कूली छात्रों ने देशभक्ति गीत, नृत्य और सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति देकर दर्शकों का मन मोह लिया। मुख्यातिथि मनीषा रंधावा ने संबोधन में कहा कि गणतंत्र दिवस हमें संविधान की गरिमा और लोकतंत्र की शक्ति का स्मरण कराता है। कहा कि संविधान के मूल्यों को आत्मसात कर ही हम एक सशक्त और विकसित भारत का निर्माण कर सकते हैं। युवाओं से देश के विकास में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया।कार्यक्रम के दौरान स्वतंत्रता सेनानियों और समाज में उत्कृष्ट कार्य करने वाले लोगों को सम्मानित भी किया गया। एसडीएम होशियार सिंह, नपा के चेयरमैन डा. संजय जांगड़ा, मार्केट कमेटी के चेयरमैन मीनू शर्मा, नायब तहसीलदार सिराज खान, मार्केट कमेटी सचिव सौरभ जैन मौजूद रहे।

## गणतंत्र दिवस पर राज्य सूचना आयुक्त ने बहादुरगढ़ में फहराया तिरंगा

# नायब सरकार का उद्देश्य केवल विकास नहीं बल्कि समाज के हर वर्ग का चहुंमुखी उत्थान: कर्मवीर सैनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

देश के 77वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर बहादुरगढ़ गांव में स्थित राजकीय विद्यालय में आयोजित भव्य समारोह में हरियाणा राज्य सूचना आयुक्त कर्मवीर सैनी ने तिरंगा फहरा कर राष्ट्रीयध्वज को सलामी दी। इस अवसर पर अपने संबोधन में उन्होंने संविधान की महत्ता, बाबा साहब डा. भीमराव अंबेडकर के योगदान और केंद्र व प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने सबसे पहले देश की आज़ादी के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले शहीदों राजगुरु, भगत सिंह, सुखदेव, उधम सिंह सहित अनेक वीर सपूतों को नमन किया। साथ ही महात्मा गांधी, लाला लाजपत राय, सरदार वल्लभभाई पटेल, पंडित दीनदयाल उपाध्याय जैसे महान स्वतंत्रता सेनानियों को स्मरण करते कहा कि उनके बलिदान और विचारों की नींव पर ही आज का सशक्त भारत खड़ा है। कहा कि बाबा साहेब द्वारा रचित भारतीय संविधान देश की आत्मा हैए जिसने हर नागरिक को समान अधिकार, स्वतंत्रता और न्याय प्रदान किया। संविधान की सबसे बड़ी ताकत यह है कि वह जाति, धर्म, वर्ग और लिंग से ऊपर उठकर सभी को समान अवसर देता है। राज्य सूचना आयुक्त कर्मवीर सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में हरियाणा सरकार संविधान के अनुरूप कार्य करते पारदर्शी, जवाबदेह और जनसमर्पित शासन दे रही है। सरकार का उद्देश्य केवल विकास नही बल्कि समाज के हर वर्ग का चहुंमुखी उत्थान है। कहा कि हरियाणा में शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली, पानी जैसी सुविधाओं को मजबूत किया है ताकि आम नागरिक को बेहतर जीवन स्तर मिल सके।



### बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए

पात्र लोगों को डिजिटल माध्यम से घर बैठे योजनाओं का लाभ मिल रहा है। जिससे भ्रष्टाचार पर भी प्रभावी अंकुश लगा है। उन्होंने कहा कि मजबूत राष्ट्र की नींव मजबूत समाज पर टिकी होती है और इसके लिए सभी को मिलकर कार्य करना होगा। कार्यक्रम के दौरान स्कूली बच्चों ने देशभक्ति से ओतप्रोत सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर उपस्थित जनसमूह को भावविभोर कर दिया। समारोह के समापन पर आयोजकों द्वारा राज्य सूचना आयुक्त कर्मवीर सैनी का फूलमालाओं और पगड़ी पहनाकर गर्मजोशी से स्वागत किया गया।





जींद। सूर्य नमस्कार करते हुए बच्चे। फोटो :हरिभूमि

### सूर्य नमस्कार का किया अभ्यास

**जींद**। हरियाणा योग आयोग एवं आयुष विभाग द्वारा संयुक्त रूप से चलाए जा रहे सूर्य नमस्कार अभियान के तहत जींद ब्लॉक के गांव राजपुरा में योग जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम विद्या विहार सीनियर सेकेंडरी स्कूल और प्राइम रोज मिलेनियम पब्लिक स्कूल के परिसर में संपन्न हुआ। जिसमें विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं विद्यालय स्टाफ ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस कार्यक्रम का आयोजन जिला आयुर्वेद अधिकारी डा. अमित रोहिल्ला के निर्देशानुसार किया गया। योग अभ्यास सत्र योग कोऑर्डिनेटर डा. योगेश एवं योग विशेषज्ञ गोविंदा के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। योग सहायक सुनीता ने सभी प्रतिभागियों को विधिवत रूप से सूर्य नमस्कार का अभ्यास करवाया और प्रत्येक आसन के शारीरिक व मानसिक लाभों की जानकारी दी। योग सहायक सुनीता ने अपने संबोधन में बताया कि सूर्य नमस्कार एक संपूर्ण योग अभ्यास है। जिसके नियमित अभ्यास से शरीर की सभी मांसपेशियां सक्रिय होती हैं। रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है तथा मानसिक तनाव में कमी आती है। कहा कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य योग को जन-जन तक पहुंचाना और लोगों को स्वस्थ व संतुलित जीवन शैली अपनाने के लिए प्रेरित करना है। सूर्य नमस्कार ऐसा अकेला योग अभ्यास है, जिससे संपूर्ण योगासनों के लाभ सहज रूप से प्राप्त किए जा सकते हैं।

## मुख्य अतिथि कर्मबीर कौल ने एसडीएम अजय हुड्डा को किया सम्मानित

# गणतंत्र दिवस पर विधायक सतपाल ने गुहला-चीका में किया ध्वजारोहण



गुहला-चीका। विधायक सतपाल जांबा गुहला चीका में परेड की सलामी लेते हुए — फोटो : हरिभूमि

■ बच्चों द्वारा राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुहला-चीका

देश के 77वें गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर सोमवार को उपमंडल स्तर पर भव्य समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में पूंडरी विधायक सतपाल जांबा ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। उन्होंने राष्ट्रीय ध्वज फहराया और परेड की सलामी लेकर क्षेत्रवासियों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में एसडीएम कैप्टन प्रमेश सिंह ने मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। कोहिनूर इंटरनेशनल एकेडमी के बच्चों द्वारा राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर पूर्व विधायक कुलवंत बाजीगर, जगमाल सिंह राणा, मांगे राम जिंदल, एसडीएम कैप्टन प्रमेश सिंह, डीएसपी कुलदीप बैनीवाल, नायब तहसीलदार सुरेश कुमार, बीईओ सुरेंद्र कुमार, नगर पालिका सचिव जितेंद्र शर्मा, मार्केट कमेटी सचिव सतबीर राविश आदि मौजूद रहे।

## चेयरमैन कर्मबीर कौल ने फहराया तिरंगा

**कलायत।** स्थानीय अनाज मंडी में सोमवार को 77वां गणतंत्र दिवस समारोह अत्यंत गौरव और उत्साह के साथ आयोजित किया गया। इस अवसर पर जिला परिषद चेयरमैन कर्मबीर कौल ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की और राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराकर परेड की सलामी ली। कार्यक्रम पहुंचने पर एसडीएम अजय हुड्डा ने उनका स्वागत किया। समारोह में स्थानीय बुजुर्गों, महिलाओं, स्वतंत्रता सेनानियों के परिजनों, प्रशासनिक अधिकारियों और भारी संख्या में स्कूली बच्चों ने भाग लिया। चेयरमैन कर्मबीर कौल ने गणतंत्र दिवस की बधाई देते हुए उन अमर शहीदों और स्वतंत्रता सेनानियों को नमन किया, जिनके बलिदान की बदौलत आज हम स्वतंत्र हैं। उन्होंने संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर और संविधान सभा के सदस्यों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की। इस अवसर पर तहसलीदार अजय कुमार, बीडीपीओ रितू शर्मा, भाजपा मंडल अध्यक्ष राजीव राजपूत, काका राणा, ऋषिपाल सहारण, पार्षद रेणु धानियां, आशीष राणा, कुलदीप दहिया, संजय सिंगला, सचिन राणा, प्रीत जगदेव, प्रदीप राणा, रवींद्र बंटी निर्मल, अमित वाल्मीकि आदि मौजूद रहे।



## मनोज पांडे व सुशील कुमार ने फहराया तिरंगा

■ संविधान का सम्मान व निष्ठा से सहेज कर रखना हर देशवासी का कर्तव्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल



दर्शन अकादमी प्रताप गेट कैथल में गणतंत्र दिवस बड़ी धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर सभी गणमान्य एलएमसी सदस्य अथिति रूप में मौजूद रहे। अकादमी के प्रधानाचार्य मनोज पांडे एवं प्रधानाचार्य सुशील कुमार ने अपने पूरे स्टाफ के साथ 26 जनवरी के इस पावन दिवस पर तिरंगा फहराया और अपने संविधान की गौरव गाथा का बखान किया जिसने सभी धर्मो को एक दृष्टि से देखा और सबको समान रूप से अधिकार दिए। बड़ी मुश्किल से इस आजादी को हमने पाया है। कितनी कुर्बानियां शहीदों ने लहू बहाया। अब हमारा कर्तव्य बनता है कि हम इस अपने संविधान का सम्मान करें और उसमें अपनी पूरी निष्ठा से सहेज कर रखें और देश में अमन, प्यार और भाईचारे का संदेश दे।

### धूमधाम से मनाया गणतंत्र दिवस

**ढांड।** गांव जाजनपुर में 76वें गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में सभी ग्रामीणों के सहयोग से भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर गाँव के सचिवालय एवं स्कूल परिसर में विधिवत रूप से राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया। मुख्य अतिथि के रूप में संजीव कुमार ने शिरकत की। वरिष्ठ नेता गुरनाम जाजनपुर ने कहा कि 26 जनवरी केवल एक तारीख नहीं, बल्कि यह हमारे संविधान, लोकतंत्र और राष्ट्रीय एकता का प्रतीक है। सरपंच जोगिंदर श्योकंद सभी पंचायत सदस्य और स्कूल के अध्यापकगण एवं विद्यालय स्टाफ उपस्थित रहा। इसके अलावा बीर सिंह, ललित, बलवान, अंतराम फौजी, सोहन लाल, पूर्ण चंद, शीशपाल, सुभाष शर्मा, मास्टर रामनिवास, रामदीया, अरविंद कुमार, संजीव सैन, जगतार सिंह, जयप्रकाश, रमेश कुमार, जिले सिंह, सुरेंद्र सहित अनेक गणमान्य लोगों ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई।

### रसूलपुर में धूमधाम से मनाया

**रसूलपुर।** राजकीय माध्यमिक विद्यालय में 77वां गणतंत्र दिवस देशभक्ति, उत्साह और गरिमा के वातावरण में बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। समारोह में यश कुमार (सरपंच प्रतिनिधि), पंचायत सदस्य जयपाल रसूलपुर, राजीव कुमार, भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रवीन कुमार, अंग्रेज कुमार (एसएमसी प्रधान) तथा गुरप्रीत कौर पुत्रवधू अमरीक सिंह (समाजसेवी) विशेष रूप से मौजूद रहे। विद्यालय के प्रधानाध्यापक शिशपाल, अश्वनी कुमार (इंचार्ज, राजकीय प्राथमिक विद्यालय) सहित अध्यापकगण गुरनाम सिंह, अनिल कुमार, कर्मवीर, रवि सारंग, राजीव कुमार, मैडम माया रानी एवं मैडम अनु गाबा ने कार्यक्रम के सफल आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। मंच संचालन पवन शास्त्री द्वारा प्रभावशाली ढंग से किया गया, जिससे कार्यक्रम अनुशासित व रोचक बना रहा।

### स्कूल में हर्षोल्लास से मनाया गया गणतंत्र दिवस समारोह



**राजौंद।** किठाना पब्लिक स्कूल में 77 वां गणतंत्र दिवस मनाया। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय की प्रधानाचार्या सुमन ढांडा द्वारा ध्वजारोहण के साथ की गई। इस दौरान विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। जिनमें देशभक्ति गीत,नृत्य और प्रेरणादायक भाषण शामिल रहे। बच्चों की प्रस्तुतियों ने उपस्थित अभिभावकों और शिक्षकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम में विद्यालय के मैनेजिंग डायरेक्टर विकास ढांडा एवं डायरेक्टर रामफल ढांडा विशेष रूप से मौजूद रहे।

### सिग्नस अस्पताल में फहराया तिरंगा

सिग्नस सुपर स्पेशलिटी अस्पताल कैथल में गणतंत्र दिवस समारोह धूमधाम से मनाया गया। अस्पताल के मैडिकल अधीक्षक डा. गौरव जैन द्वारा राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराया गया तथा शहीदों को याद किया गया। अस्पताल के प्रबंधक विकास सिंधुरिया ने कहा कि हमें शहीदों की शहादत को याद रखना चाहिए। आज हम शहीदों की बदौलत ही खुली हवा में सांस ले रहे हैं। हमें शहीदों के दिखाए मार्ग पर चलते हुए राष्ट्र व देशहित के कार्य करना चाहिए। इस अवसर पर मोहित, विनोद, अंकित आदि उपस्थित रहे।



## संत शिरोमणि गुरु रविदास महोत्सव को लेकर निकाली प्रभात फेरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल



संत शिरोमणि गुरु रविदास महोत्सव को लेकर क्षेत्र में उत्साह दिन-ब-दिन बढ़ता जा रहा है। महोत्सव की तैयारियों के तहत गांव मानस में श्रद्धालुओं ने प्रभात फेरियों का सिलसिला शुरू कर दिया है। यह 1 फरवरी तक निरंतर जारी रहेगा। प्रभात फेरियों का नेतृत्व सेवाकर्ता श्याम दास महाराज कर रहे हैं। इनकी अगुवाई में बड़ी संख्या में श्रद्धालु प्रभात फेरी में भाग ले रहे हैं। इससे पूरे वातावरण में भक्ति और उत्साह का माहौल बन गया है। सुबह के समय निकलने वाली इन प्रभात फेरियों में महिलाएं, पुरुष, युवा और बुजुर्ग सभी बढ़-चढक़र भाग ले रहे हैं। भजनों और जयकारों से नगर की गलियां गूंज उठती हैं। इससे सामाजिक एकता और धार्मिक भावना संदेश भी प्रसारित हो रहा है। इस अवसर पर ओमप्रकाश, कामराज रंगा, हरीकेश रंगा, संजू, अजय रंगा, सन्नी बिबियान आदि शामिल रहे।

## एसडीएम के कार्य पर सवाल उठाना कोई गलत नहीं : जयप्रकाश

### विधायक की कॉल तक रिसीव नहीं करते एसडीएम: जेपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

कैथल के गुहला से कांग्रेस विधायक देवेंद्र हंस द्वारा एसडीएम कैप्टन परमेश सिंह को झुनझुना देने के प्रयास का मामला लगातार तूल पकड़ता जा रहा है। इस प्रकरण के बाद कैथल की राजनीति गरमा गई है। अब हिसार से सांसद जयप्रकाश जेपी खुलकर विधायक के समर्थन में उतर आए हैं।

**सांसद जेपी का बयान:** भावना आहत करने का सवाल नहीं। सांसद जयप्रकाश जेपी ने कहा कि विधायक द्वारा झुनझुना देने से किसी सैनिक की भावना आहत नहीं हुई है। एसडीएम भले ही आर्मी कोटे से अधिकारी बने हों, लेकिन वर्तमान में वे एक प्रशासनिक पद पर कार्यरत हैं। ऐसे में उनके कामकाज पर सवाल उठाना गलत नहीं है।

**विधायक की कॉल तक नहीं उठा रहे थे अधिकारी**

जेपी ने आरोप लगाया कि एसडीएम विधायक की कॉल तक रिसीव नहीं कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जब सरकारी अधिकारी जनप्रतिनिधियों की बात नहीं सुनते, तब जनप्रतिनिधियों को सवाल उठाने पड़ते हैं। जहां भी विधायक को समर्थन की जरूरत होगी, वे उनके साथ खड़े रहेंगे।

**जनप्रतिनिधि की बात न सुनना भी अपराध: सांसद**

सांसद जयप्रकाश ने कहा कि यदि कोई प्रशासनिक अधिकारी किसी जनप्रतिनिधि की बात नहीं सुनता, तो यह भी गंभीर मामला है। केवल विधायक पर ही सवाल उठाना उचित नहीं है।

### भ्रष्टाचार पर किसी का समर्थन नहीं होना चाहिए



सांसद ने स्पष्ट किया कि यदि कोई अधिकारी भ्रष्टाचार में लिप्त पाया जाता है, तो उसका समर्थन नहीं किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि पद कोई भी हो, जवाबदेही सबकी तय होनी चाहिए। झुनझुना देने का प्रतीकात्मक अर्थ समझिए पूर्व सैनिक वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा एसडीएम के समर्थन पर प्रतिक्रिया देते हुए सांसद जेपी ने कहा कि फौजी का पद सम्मानित होता है, लेकिन यहां मुद्दा अधिकारी के रवैये का है। उन्होंने झुनझुना देने का अर्थ समझाते हुए कहा कि जब कोई काम नहीं करता, तो उसे झुनझुना दे दिया जाता है—ताकि वह उसे बजाता रहे और बाकी लोग काम कर लें। विधायक ने भी यही संदेश देने के लिए यह कदम उठाया।

## खबर संक्षेप

### एमडी देशराज ने किया ध्वजारोहण

**राजौंद।** एमडी सीनियर सेकेंडरी स्कूल में 77 वा गणतंत्र दिवस देशभक्ति उत्साह एवं गरिमामय वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ एमडी देशराज द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराकर किया गया। इस दौरान स्कूल प्रिंसिपल राजेश कुमार व एमडी देश राज ने संविधान की महत्ता एवं देश की एकता अखंडता का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि गणतंत्र दिवस हमें अपने संविधान के मूल्यों न्याय समानता और बंधुत्व को जीवन में अपनाने की प्रेरणा देता है। उन्होंने विद्यार्थियों से अनुशासन कर्तव्यनिष्ठा और देशसेवा को अपने जीवन का लक्ष्य बनाने का आह्वान किया। निर्धन स्कूल स्टाफ से सभी मौजूद रहे।



### शहीदों को किया याद

**राजौंद।** रोहेड़ा रोड पर स्थित ज्ञान दीप वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय राजौंद में गणतंत्र दिवस बड़ी धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ स्कूल एमडी कुलबीर दीक्षित व स्कूल प्रधानाचार्य सतपाल सिंह ने किया।उन्होंने कहा कि देश को आजाद करवाने के लिए हमारे शहीदों के बलिदान और उनकी कुर्बानी को कभी नहीं भूलना चाहिए हमारा देश 15 अगस्त को आजाद हुआ और 26 नवंबर 1949 को भीमराव अंबेडकर द्वारा लिखित संविधान 26 जनवरी 1950 को लागू हुआ तब से लेकर 26 जनवरी को यह दिवस बड़ी धूमधाम से मनाया जाता है। इस दौरान देश भक्त, शहीदों और भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम याद किया गया। इस दौरान बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए जिसमें देशभक्ति,गीत, भाषण और नृत्य किया और ऑपरेशन सिंदूर नाटक प्रस्तुत किया गया। इस दौरान बजिन्द्र, मनप्रीत मौजूद रहे।

### जाखौली में हर्षोल्लास के साथ मनाया गणतंत्र दिवस

**राजौंद।** जाखौली गांव में स्थित आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में 77 वा गणतंत्र दिवस देशभक्ति उत्साह एवं गरिमामय वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रधानाचार्य ओम प्रकाश शर्मा द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराकर किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों ने देशभक्ति गीत कविताएं एवं प्रेरणादायक भाषण प्रस्तुत किए। छात्रों ने अपने कार्यक्रमों के माध्यम से स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान संविधान की महत्ता एवं देश की एकता अखंडता का संदेश दिया। प्रधानाचार्य ओम प्रकाश शर्मा ने कहा कि गणतंत्र दिवस हमें अपने संविधान के मूल्यों न्याय समानता और बंधुत्व को जीवन में अपनाने की प्रेरणा देता है। उन्होंने विद्यार्थियों से अनुशासन कर्तव्यनिष्ठा और देशसेवा को अपने जीवन का लक्ष्य बनाने का आह्वान किया।

### ओएसडीएवी में मनाया गणतंत्र दिवस

**कैथल।** ओएसडीएवी विद्यालय में गणतंत्र दिवस अत्यंत हर्षोल्लास, गरिमा एवं देशभक्ति के भावपूर्ण वातावरण में मनाया गया। इस पावन अवसर पर विद्यालय परिसर राष्ट्रप्रेम की भावना से ओत-प्रोत दिखाई दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय की प्रधानाचार्या अंजु तलवाड़ द्वारा देश की आन–बान–शान के प्रतीक राष्ट्रीय ध्वज का विधिवत ध्वजारोहण कर किया गया। तिरंगे को सलामी देते हुए उपस्थित समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं विद्यार्थियों ने राष्ट्र के प्रति अपनी अटूट निष्ठा और सम्मान व्यक्त किया।

### कुष्ठ सेवा आश्रम में मनाया गणतंत्र दिवस

77वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर सेवा संघ संस्था द्वारा संचालित कुष्ठ सेवा आश्रम में गरिमामय ध्वजारोहण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर आरा एसोसिएशन के प्रधान सतीश सोनी ने अपने सहयोगियों बाबूराम सैनी, भूषण गाबा, विक्रम बंसल एवं विजय गोयल के साथ राष्ट्रीय ध्वज फहराया। इसके पश्चात उपस्थित सभी लोगों ने सामूहिक रूप से राष्ट्रगान गाकर तिरंगे के प्रति अपना सम्मान प्रकट किया।

### राष्ट्रीय न्यास अधिनियम के तहत स्थानीय स्तरीय समिति की बैठक आयोजित



**कैथल।** उपायुक्त कार्यालय में राष्ट्रीय न्यास अधिनियम के तहत स्थानीय स्तरीय समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता डीसी अपराजिता ने की। बैठक का मुख्य उद्देश्य ऑटिज्म, सेरेब्रल पाल्सी, मानसिक मंदता और बहु-दिव्यांगता से ग्रस्त व्यक्तियों के लिए कानूनी संरक्षक की नियुक्ति करना था। बैठक के दौरान चार दिव्यांग व्यक्तियों—संजीव कुमार, प्रभा, मनजीत और संदीप—के लिए क्रमशः उषा देवी, उषा, रीना देवी और रमेश कुमार को कानूनी संरक्षक नियुक्त करने की स्वीकृति प्रदान की। डीसी ने जिला समाज कल्याण अधिकारी को निर्देश दिए कि वे नियुक्त किए गए संरक्षकों से समय-समय पर फीडबैक लें। इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि दिव्यांग व्यक्तियों की उचित देखभाल हो रही है और उनके अधिकारों व सुरक्षा का पूरा ध्यान रखा जा रहा है। बैठक की कार्यवाही समिति के सदस्य-सचिव और जिला समाज कल्याण अधिकारी अमितेन्द्र श्योकंद द्वारा प्रस्तुत की गई। इस अवसर पर सिबिल सर्जन डा. रेनू चावला, अधिवक्ता अरविंद खुरानिया, दिव्यांग श्रेणी से प्रतिनिधि दिनेश, तपन पुनर्वास सोसायटी करनाल से अध्यापक संदीप कुमार मौजूद रहे।

## किसानों ने की बिजली स्मार्ट मीटर योजना को वापस लेने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

अखिल भारतीय किसान सभा ने एमएसपी की कानूनी गारंटी, बिजली स्मार्ट मीटर योजना को वापस लेने सहित अन्य मांगों के समर्थन में प्रदर्शन किया। प्रदर्शन से पहले संगठन के सदस्य हनुमान वाटिका में एकत्रित हुए। इसके बाद सभी सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए सचिवालय में पहुंचें। किसान सभा के राज्य कमेटी सदस्य जसबीर सिंह, सीटू कैशियर जयप्रकाश शास्त्री व सतपाल आनंद, नरेश रेहड़ा ने कहा कि गणतंत्र दिवस के अवसर पर हर वर्ष की भांति किसानों ने अपने लंबित मुद्दों को लेकर प्रदर्शन का आयोजन किया और केंद्र सरकार के किसान विरोधी नीतियों के प्रति आक्रोश प्रकट किया। किसानों ने प्रदर्शन से एमएसपी की कानूनी गारंटी देने ,किसानों और मजदूरों को कर्जा मुक्त करने , नई स्मार्ट और रिचार्ज मीटर योजना वापिस लेने, बीज बिल 2025 व मनरेगा कानून को बहाल करने के केंद्रीय मुद्दों को प्रमुखता से उठाया।

### ये रहे शामिल

प्रदर्शन में सीटीयू के नेता जयप्रकाश शास्त्री, रमेश हरित, मास्टर रामफल, सुजान सिंह, बलजीत सिंह, रणधीर सिंह, सतपाल आनंद व जसबीर सिंह आदि शामिल रहे।

### शहीद अजय ढुल तथा कलीराम को दी श्रद्धांजलि



**पाई।** मंगलवार को पाई में भाकियू के नेताओं तथा किसानों ने गांव के शहीद हुए अजय ढुल तथा कलीराम की प्रतिमा पर जाकर श्रद्धांजली दी और दिन को शहीदी दिवस मनाया। सबसे पहले शहीद हुए अजय के पिता जयपाल द्वारा प्रतिमा पर पुष्प मालाव फूल अर्पित किये गए। इस दौरान जयपाल ने अपने एकलौते पुत्र के शहीद होने के बाद पैदा हुये लगभग तीन वर्षीय पुत्र से भी मत्था टिकवाया। उसके बाद सभी किसान नेताओं व किसानों द्वारा उनको पुष्प माला व फूल अर्पित किये। उपस्थित किसानों ने बताया कि पाई के इन शहीदों ने किसानों के लिये अपना बलिदान दिया है, जिसको कभी भी भुलाया नही जा सकता। उन्होंने कहा कि गांव के इन दो शहीदों ने एक ही दिन 27 जनवरी को अपना बलिदान दिया है। अपने सम्बोधन में नेताओं व किसानों ने कहा कि सरकार के द्वारा उनके साथ धोखा किया गया है। अभी तक एम एस पी पर कोई कानून नही बनाया गया। इसके इलावा सरकार किसानों को बर्बाद करना चाहती है। उन्होंने बताया की अजय ढुल अपने माता पिता की एकलौता पुत्र था, जिसने किसान- मजदूर आंदोलन के दौरान अहम भूमिका निभाई थी और गांव में आते समय इनकी एक दुर्घटना में मृत्यु हो गई थी। इस दौरान किसान यूनियन के कार्यकारी प्रधान बलवान पाई, प्रचार सचिव करतारा राम, दिलबाग, बाला राम, जगदीश, कश्मीर सिंह, किताब सिंह पाई, ,शहीद किसान अजय के पिता जयपाल, दयानंद, राममेहर, काला, जगमाल बरसाना आदि उपस्थित थे।

**समस्या** वार्ड नंबर 1 की मुख्य सड़क पर बारिश का पानी भरने से आवागमन हुआ दूभर

# नगर में विकास के दावे हवा-हवाई, डीएवी स्कूल मार्ग बदहाल

■ मुख्य सड़क़ के खराब होने पर बच्चों को सुरक्षित स्कूल तक पहुंचाना बना अभिभावकों की मुख्य चिंता का विषय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीवन

नगर में विकास के बड़े-बड़े दावों के बीच वार्ड नंबर-1 स्थित डीएवी स्कूल को जाने वाली मुख्य सड़क बदहाली का प्रतीक बन गई है। कई दिन पहले सड़क की इंटरलॉकिंग ब्लॉक उखाड़ दी गई, लेकिन आज तक सड़क का पुनर्निर्माण नहीं किया गया। बरसात शुरू होते ही सड़क पर कीचड़, गहरे गड्ढे और फिसलन फैल गई है, जिससे आमजन का आवागमन दूभर हो गया है। सड़क की खराब हालत से सबसे ज्यादा परेशानी दोपहिया वाहन चालकों को हो रही है। कीचड़ भरी सड़क पर वाहन फिसल रहे हैं और रोजाना हादसों का खतरा बना हुआ है। इसी मार्ग से डीएवी स्कूल आने-जाने वाले सैकड़ों विद्यार्थियों, स्कूल स्टाफ और अभिभावकों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। बच्चों को सुरक्षित स्कूल पहुंचाना अब अभिभावकों के लिए चिंता का विषय बन गया है।




सीवन। डीएवी स्कूल को जाने वाली मुख्य सड़क।

स्थानीय कॉलोनी निवासी सुधीर मिढा, संजय सरदाना, गोल्डी बोगरा, संजू पंसारी, रविंदर तनेजा, मंजीत व अन्य का कहना है कि सड़क उखड़े कई दिन बीत चुके हैं, लेकिन न तो निर्माण कार्य शुरू हुआ और न ही कोई अस्थायी व्यवस्था की गई। बारिश का पानी भरने से गड्ढे और भी खतरनाक हो गए हैं। पैदल चलना तक मुश्किल हो गया है, वहीं बुजुर्गों, महिलाओं और छोटे बच्चों को सबसे अधिक परेशानी झेलनी पड़ रही है। लोगों का आरोप है कि नगर में विकास के बड़े बड़े दावे किये जाते हैं, लेकिन जमीनी हकीकत इससे बिल्कुल उलट है। निवासियों ने प्रशासन और नगर पालिका से मांग की है कि डीएवी स्कूल मार्ग का निर्माण कार्य शीघ्र पूरा कराया जाए। लोगों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द समाधान नहीं हुआ तो किसी बड़े हादसे की पूरी आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता।

### डीएवी स्कूल मार्ग निर्माण में देरी पर पार्षद व नपा का स्पष्टीकरण

नगर के डीएवी स्कूल को जाने वाली सड़क के निर्माण कार्य में हो रही देरी को लेकर वार्ड नंबर 1 के पार्षद संजय कंसल ने स्थिति स्पष्ट की है। उन्होंने बताया कि जिस गली में सड़क का कार्य रुका हुआ है, वहां पहले सीवरेज के लिए मैनहोल की सुविधा नहीं थी। गली के निवासियों की मांग थी कि वे भविष्य में सीवरेज कनेक्शन लेना चाहते हैं, इसके लिए बीच में मैनहोल का निर्माण आवश्यक है। पार्षद ने कहा कि मैनहोल निर्माण के बिना यदि सड़क बना दी जाती, तो बाद में दोबारा खुदाई करनी पड़ती, जिससे सड़क फिर से खराब हो जाती। इसी कारण मैनहोल के निर्माण को प्राथमिकता देते हुए फिलहाल गली का निर्माण कार्य रोका गया है। उन्होंने आश्वासन दिया कि मैनहोल का कार्य पूरा होते ही सड़क का निर्माण तेजी से कराया जाएगा और आगामी 10 दिनों के भीतर सारा कार्य पूरा कर दिया जाएगा। वहीं नगर पालिका सचिव दीपक कुमार ने भी मामले पर जानकारी देते हुए बताया कि इस सड़क के निर्माण का वर्क ऑर्डर पहले ही ठेकेदार को जारी किया जा चुका है। पार्षद के आग्रह और मैनहोल के निर्माण के चलते यह कार्य अस्थायी रूप से रुका हुआ था। उन्होंने कहा कि जल्द ही निर्माण कार्य दोबारा शुरू कर पूरा करवा दिया जाएगा।

### शतरंज एवं बैडमिंटन प्रतियोगिता के लिए पंचकूला में ट्रायल

**कैथल।** जिला खेल अधिकारी राज रानी ने बताया कि अखिल भारतीय सिविल सेवा शतरंज प्रतियोगिता 2025-26 का आयोजन 17 फरवरी से 26 फरवरी 2026 तक नई दिल्ली में किया जा रहा है। इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता में हरियाणा की टीम (पुरुष व महिला) के चयन के लिए ट्रायल का आयोजन 29 जनवरी 2026 को ताऊ देवीलाल खेल स्टेडियम, पंचकूला में किया जाएगा। इसी प्रकार अखिल भारतीय सिविल सेवा बैडमिंटन (पुरुष व महिला) प्रतियोगिता 2025-26 का आयोजन आगामी 15 फरवरी से 21 फरवरी तक गोवा में किया जा रहा है। इस राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता के लिए हरियाणा टीम के चयन के लिए ट्रायल 2 फरवरी को ताऊ देवीलाल खेल स्टेडियम पंचकूला में सुबह 10 बजे आयोजित किए जाएंगे।

## खबर संक्षेप

### लायंस क्लब जींद सिटी ने मनाया गणतंत्र दिवस

**जींद।** लायंस क्लब जींद सिटी द्वारा 77वां गणतंत्र दिवस समारोह सपरिवार राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जींद में मनाया गया। इसमें मुख्यअतिथि के रूप में डा. स्नेहा जैन ने शिरकत की। मुख्य अतिथि ने झंडा फहराया और लायंस क्लब के चार्टर अध्यक्ष सुरेश जिंदल और अध्यक्ष विकास मित्तल ने कहा कि हम सभी किसी ना किसी रूप में अपने जिले और देश को सुरक्षित और समृद्ध बनाएं।

### गांव शेरूखेड़ी से महिला बिना बताए हुई लापता

**कैथल।** कैथल के गांव शेरूखेड़ी से एक महिला बिना बताए अपने घर से चली गई। शेरूखेडी गांव के एक व्यक्ति ने थाना तितरम पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 26 जनवरी को उसकी पत्नी बिना बताए घर से चली गई। उन्होंने उसके आसपास काफी तलाश की लेकिन कोई पता नहीं चला। जांच अधिकारी हेड कांस्टेबल रेनू बाला ने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### अलग-अलग स्थानों से हजारों का सामान चोरी

**कैथल।** जिले में अलग अलग स्थानों से चोर हजारों का सामान चुराकर ले गए। गांव बुढ़ा खेड़ा के राजपाल ने सदर पुलिस कैथल को दी शिकायत में बताया कि कर 26 जनवरी की रात को उसका तथा राजेंद्र, राम मेहर, सुरेश व अन्य किसानों की बिजली की तार व खेतों में बने कमरे में पड़ा अन्य सामान चुरा कर ले गए। चुराए गए सामान की कीमत करीब 10000 बताई गई है।

### जसविंद्र बने युवा जजपा के वरिष्ठ उपाध्यक्ष

**कलायत।** कलायत में युवा जिलाध्यक्ष जजपा संपूर्ण कोयल व जिला प्रभारी कुलदीप शर्मा की अध्यक्षता में बैठक हुई। बैठक में कैथल जिला में से 11 युवा कार्यकारिणी के सदस्य बनाए गए। इसमें जसविंद्र बने युवा जजपा के वरिष्ठ उपाध्यक्ष बनाए गए। उन्होंने बताया कि सूची में मेहनती कार्यकर्ताओं को मौका दिया गया है। वे लगातार पार्टी को मजबूत करने का काम करेंगे।

### श्रद्धालुओं को टक्कर मारने का आरोपी काबू

**कैथल।** थाना ढाण्ड क्षेत्र में सड़क हादसे में प्रभात फेरी में शामिल श्रद्धालुओं को तेज रफ्तार कार ने टक्कर मार दी, जिसमें दो महिलाओं की मौत हो गई जबकि कई लोग घायल हो गए। थाना ढांड पुलिस ने आरोपी चालक को गिरफ्तार कर लिया है। पीर कॉलोनी गांव ढाण्ड निवासी विपिन कुमार की शिकायत अनुसार ढाण्ड में गुरु रविदास की प्रभात फेरी निकाली जा रही थी।

### उत्कृष्ट कार्य करने वालों को सम्मानित किया

**राजौंद।** नगर पालिका परिसर में 77 वा गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया। नगर पालिका प्रशासन द्वारा शहीद सियाराम की प्रतिमा पर पुष्प प्राप्त कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। उसके बाद नगर पालिका परिसर में झंडा फहराया गया। इस दौरान नगर पालिका सचिव नरेंद्र शर्मा चेयरपर्सन बबिता रानी ने सब को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दी

### जिला बार के प्रधान ने पद से दिया इस्तीफा

**कैथल।** जिला बार एसोसिएशन के प्रधान संदीप शर्मा ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। इस बारे में बार रूम में एसोसिएशन की एक बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें संदीप शर्मा ने कार्यकारिणी को अपना इस्तीफा सौंपा। उपस्थित हाऊस ने उनका इस्तीफा मंजूर कर लिया।

### एचआईवी से बचने का संदेश दिया

**राजौंद।** गांव करोड़ा में हरियाणा एड्स कंट्रोल सोसाइटी के कार्यक्रम एचआईवी मुक्त हरियाणा हमारी जिम्मेवारी फोक मीडिया के माध्यम से जन जन तक संदेश और रोकथाम कार्यक्रम आयोजित किया गया। नाटक मंडली के माध्यम से रोहतास पेगा और साथियों ने ग्रामीणों को जागरूक किया।

---

### महिला एवं बाल विकास मंत्री ने गणतंत्र दिवस समारोह में फहराया राष्ट्रीय ध्वज

# अमर शहीद शूरवीरों के सपनों को साकार करने के लिए प्रत्येक प्रदेशवासी को देना होगा अपना अहम योगदान : श्रुति चौधरी




जींद। शहीद स्मारक पर पुष्प चक्र अर्पित करते हुए तथा गणतंत्र दिवस पर परेड की सलामी लेते हुए मंत्री श्रुति चौधरी।

### परेड का निरीक्षण कर मार्च पास्ट की ली सलामी, मंत्री ने स्वतंत्रता सेनानियों और शहीदों के परिजनों को किया सम्मानित, उल्लेखनीय कार्य करने वालों का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭जींद

हरियाणा की महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रुति चौधरी ने कहा कि अमर शहीद शूरवीरों के सपनों को साकार करने लिए प्रत्येक प्रदेशवासी को अपना योगदान देना होगा। इस देश के वीरों, स्वतंत्रता सेनानियों और क्रांतिकारियों के बलिदान के कारण ही आज सभी भारतवासी खुली हवा में सांस ले रहे हैं। इन शूरवीरों के बलिदान को कभी भुलाया नही जा सकता है। इन शूरवीरों के सपनों को साकार करने के लिए हमें देश और प्रदेश की तरक्की में अपना योगदान देना होगा। आज का यह ऐतिहासिक दिन देशवासियों को एक मजबूत राष्ट्र के रूप में आगे बढने के लिए साहस और प्रेरणा देता है।

इसलिए इस हमें उन महापुरुषों को याद करना चाहिए। जिन्होंने भारत को स्वतंत्रता दिलवाने और भारतीय संविधान को लागू करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इन महान सपूतों के कारण ही आज हम खुली हवा में सांस ले रहे है। हरियाणा सरकार विकास, समृद्धि और सशक्तिकरण की और अग्रसर है। सरकार द्वारा अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ अविलंब तरीके से पहुंचाया जा रहा है। हरियाणा की महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रुति चौधरी सोमवार को जिला प्रशासन द्वारा स्थानीय पुलिस लाइन मैदान में आयोजित जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह को संबोधित कर रहे थे। इससे पहले महिला एवं बाल विकास मंत्री, उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा, पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह ने गोहाना रोड स्थित शहीदी स्मारक पर पुष्पचक्र भेंट कर शहीदों को नमन किया और श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके उपरांत कैबिनेट मंत्री श्रुति चौधरी ने मुख्य कार्यक्रम स्थल पुलिस लाईन मैदान के प्रांगण में राष्ट्रीय ध्वज फहराया और परेड का निरीक्षण कर मार्च पास्ट की सलामी ली।

#### डीएसपी संदीप कुमार ने संभाली परेड की कमांड

समारोह में परेड की कमांड डीएसपी संदीप कुमार ने संभाली। महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रुति चौधरी ने अपने-अपने क्षेत्र में सराहनीय कार्य करने के लिए प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया। गणतंत्र दिवस समारोह में 22 झांकियों द्वारा अपने-अपने विभाग से संबंधित योजनाओं और उपलब्धियों को प्रदर्शित किया गया। इन झांकियों में वन विभाग की झांकी प्रथम, महिला एवं बाल विकास विभाग की झांकी द्वितीय और शुगर मिल विभाग की झांकी तृतीय स्थान पर रही।

#### स्कूली बच्चों ने दी सांस्कृतिक प्रस्तुति

गणतंत्र दिवस समारोह में स्कूलों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई। सभी प्रस्तुतियां देशभक्ति से ओतप्रोत रही और दर्शकों का मन मोह लिया। सुप्रीम सीनियर सेकेंडरी स्कूल के बच्चों द्वारा राष्ट्रगान की प्रस्तुति देकर कार्यक्रम का समापन किया गया।

---

# सशक्त, स्वच्छ और विकसित भारत के निर्माण का संकल्प लें सभी नागरिकः सांसद नवीन जिंदल

- सांसद नवीन जिंदल ने फहराया तिरंगा, ली परेड की सलामी, शहीदों को किया नमन

हरिभूमि न्यूज ⏭कैथल



कैथल। सांसद नवीन जिंदल समाजसेवा में उत्कृष्ट कार्य हेतु नरेश पंवार को सम्मानित करते हुए। फोटोः हरिभूमि

सांसद नवीन जिंदल ने कहा कि आज ही के दिन 76 वर्ष पहले हमारा संविधान लागू हुआ था, जिसने हमें न्याय, स्वतंत्रता और समानता के मौलिक अधिकार दिए। आज का यह ऐतिहासिक दिन देशवासियों को एक मजबूत राष्ट्र के रूप में आगे बढ़ने के लिए साहस और प्रेरणा देता है। बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर और स्वतंत्रता संग्राम के अनेकों महापुरुषों की बदौलत भारत को स्वतंत्रता मिली और भारतीय संविधान लागू हुआ। आज भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक गणराज्य है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में हम सभी एकजुट होकर आने वाली पीढ़ियों के लिए एक सशक्त, स्वच्छ और विकसित भारत के निर्माण का संकल्प लें। वे पुलिस लाइन मैदान में आयोजित गणतंत्र दिवस समारोह में बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे।

#### 500 रुपये मिलेंगे

सांसद नवीन जिंदल ने परेड, पीटी एवं डंबल शो, सांस्कृतिक कार्यक्रमों सहित किसी भी तरह से भाग लेने वाले सभी बच्चों को पांच सौ रुपये की राशि उनके खाते के माध्यम से भेजने का ऐलान किया। साथ ही उन्होंने उन सभी स्कूलों में मंगलवार को अवकाश की घोषणा की, जिनके बच्चों ने गणतंत्र दिवस समारोह में भाग लिया।

#### आरकेएसडी प्रथम

स्कूलों की सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में आरकेएसडी स्कूल की प्रस्तुति प्रथम स्थान पर रही। वहीं सुपार्श्व जैन स्कूल की प्रस्तुति द्वितीय व दर्शन अकादमी स्कूल की टीम तृतीय रही। मार्च पास्ट में जिला महिला पुलिस प्रथम, जिला पुलिस कैथल द्वितीय व जिला होमगार्ड की टुकड़ी तृतीय स्थान पर रही।

#### उत्कृष्ट कार्य करने वालों का सम्मान

मुख्य अतिथि सांसद नवीन जिंदल ने जिला स्तर पर बाल उपवन आश्रम से समाज सेवा के क्षेत्र में नरेश कुमार, जिला शिक्षा विभाग से अधीक्षक सुरेश कौशिक, प्रधानाचार्य अश्वनी कुमार, खिलाड़ी निष्ठा, एएसआई राजेश कुमार व महिला सिपाही मीना देवी व एएसआई बलजीत सिंह, विक्रांत गौतम, पटवारी राजेश कुमार, शिक्षक गुरदीप सिंह, आदि को सम्मानित किया।

---

# रेलवे स्टेशन पर फहराया झंडा

हरिभूमि न्यूज ⏭नरवाना

77वे गणतंत्र दिवस के अवसर पर नरवाना के रेलवे स्टेशन पर स्टेशन मास्टर रणधीर सिंह द्वारा ध्वजारोहण किया गया। बहुत ही सुंदर साजो सजा के साथ नरवाना का रेलवे स्टेशन सजाया गया तथा सभी के हाथों में तिरंगा लहराता हुआ दिखाई दिया। स्टेशन मास्टर रणधीर सिंह द्वारा ध्वजारोहण के पश्चात सभी को गणतंत्र दिवस की बधाई दी गई तथा गणतंत्र दिवस के बारे में बताया गया साथ ही रणधीर सिंह ने कहा कि देश ने हमें क्या दिया और हम देश को क्या दे सकते हैं, यह हमें करके दिखाना है रेलवे स्टेशन पर यात्रियों ने रणधीर सिंह द्वारा ध्वजारोहण करने के अवसर पर तालियां बजाकर स्वागत किया तथा राष्ट्रगान में सावधान खड़े होकर देश को सेल्यूट किया। इस अवसर पर जीआरपी जवानों ने सलामी दी।



नरवाना। तिरंगे को नमन करते हुए विधायक प्रमोद विज। फोटोः हरिभूमि

#### गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया

उपमंडल स्तर पर गणतंत्र दिवस पूरी धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। स्थानीय नई अनाज मंडी मेला ग्राउंड में आयोजित गणतंत्र दिवस समारोह में पानीपत शहरी विधायक प्रमोद विज ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया और भव्य परेड का निरीक्षण किया।

---

# छात्रों ने देशभक्ति गीतों की मनमोहक प्रस्तुति दी

- इंडस पब्लिक स्कूल जींद, जेसीआई इंडस व जेसीआई जींद ने गणतंत्र दिवस मनाया

हरिभूमि न्यूज ⏭जींद

इंडस पब्लिक स्कूल जींद में 77वां गणतंत्र दिवस पूरे उत्साह और देशभक्ति के माहौल में मनाया गया। आज का गणतंत्र दिवस जेसीआई जींद, जेसीआई इंडस व इंडस पब्लिक स्कूल जींद ने संयुक्त रूप से मनाया। मुख्यअतिथि जेसी नवीन गोस्वामी और इंडस निदेशक सुभाश श्योराण ने देश की आन-बान और शान का प्रतीक तिरंगा पूरे सम्मान के साथ फहराया गया। इस कार्यक्रम में स्कूल के छात्रों द्वारा देशभक्ति, एकल और सामूहिक गीतों की मनमोहक प्रस्तुति दी। वहीं दूसरी ओर जेसीआई और इंडस पब्लिक स्कूल के स्टाफ द्वारा भी देशभक्ति के गीत गाए गए। जिससे पूरा माहौल देशभक्ति से ओतप्रोत हो गया। इंडस निदेशक सुभाष श्योराण ने गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दी। अपने संबोधन में नायकों को याद किया। उनके आजादी में योगदान को बताया।




जींद। इंडस स्कूल में तिरंगा फहराते हुए इंडस निदेशक सुभाष श्योराण व अन्य व स्वागत गीत प्रस्तुत करते हुए बच्चे।

#### समाज को एक सूत्र में बांधने का प्रण लिया

इस अवसर पर आजादी में जिन असंख्य लोगों ने अपना योगदान दिया, उन्हें याद किया व समाज से जातिवाद, धर्म से हट कर अशिक्षा, गरीबी से लडने व समाज को एक सूत्र में बांधने का प्रण लिया गया। उन्होंने कहा कि आज के दिन 1950 में हमारा प्रिय भारतदेश एक सशक्त गणतंत्र राद्धष्ट्र की श्रेणी में आ गया। हमारा संविधान अनेकता में एकता से समाहित है और यही एकता एक राष्ट्र को विश्वपटल पर मजबूती से खड़ा करने का काम करती है। प्राचार्या अरूण शर्मा, उप प्राचार्य प्रवीण्या कुमार व मुख्यअध्यापिका गुरमीत कौर ने अंत में गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई दी। अंत में राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

---

### राष्ट्रीय पर्व पर गोपाल विद्या मंदिर विद्यालय में किया ध्वजारोहण

**जींद।** विद्या भारती हरियाणा एवं हिंदू शिक्षा समिति से संबद्ध गोपाल विद्या मंदिर वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में विद्यालय की पूर्व प्रबंध समिति के वरिष्ठ सदस्य संतलाल चुघ, राकेश कुमार, नीरु जिंदल, संजीव जिंदल, विद्यालय प्रधानाचार्य अजय कौशिक द्वारा छात्र व आचार्य बन्धु, भगिनी सहित ध्वजारोहण किया गया। मुक्त कंठ से अखंड भारत के राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस की महता बताते हुए नीरु जिंदल ने सभी उपस्थित जनों को कर्तव्य पथ पर बढते रहने के लिए प्रेरित किया। मीनु तायल ने भाषण के माध्यम से देश प्रेम को सर्वोपरि बताते हुए कहा कि देश की संप्रभुता व अखंडता की रक्षा के लिए हमें सदैव तत्पर रहना चाहिए। पूर्णिमा के दिशा निर्देश पर हिमांशी के कुशल मंच संचालन के बीच विद्यालय के अनेक छात्रों ने देश भक्ति नृत्य व गीत प्रस्तुत किए। विद्यालय के होनहार छात्र जतिन ने अपने वक्तव्य में भारत माता के प्रति अगाध प्रेम प्रकट करते हुए अपने देश प्रेम का संदेश दिया। संतलाल चुघ ने अपने उद्बोधन में छात्रों को देश के कर्णधार बताते हुए कहा कि देश व धर्म से बढ़कर जीवन में कुछ नहीं होता है।

---

# भारतीय संविधान केवल कानूनों का दस्तावेज नहीं बल्कि यह जीवन जीने का तरीका : पूनम सुनेजा

- जिला न्यायालय परिसर में मनाया गणतंत्र दिवस समारोह

हरिभूमि न्यूज ⏭जींद

जिला न्यायालय परिसर में गणतंत्र दिवस अत्यंत उत्साह, गरिमा एवं भव्यता के साथ मनाया गया। इस अवसर पर जिला एवं सत्र न्यायाधीश पूनम सुनेजा द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराकर सलामी दी गई।

इसके उपरांत उन्होंने सभी उपस्थित न्यायिक अधिकारियों, अधिवक्ताओं एवं कर्मचारियों से अनुरोध किया कि वे सामूहिक रूप से स्वयं राष्ट्रगान का गायन करें। उन्होंने कहा कि राष्ट्रगान को मौखिक रूप से गाने का अवसर मिलना हम सभी के लिए सौभाग्य की बात है और इससे बड़ा गौरव और कुछ नहीं हो सकता। जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने कहा कि आज 26 जनवरी का ऐतिहासिक दिन है।



जींद। कार्यक्रम में भाग लेते हुए न्याय प्रणाली से जुड़े अधिकारी व कर्मचारी।

#### ये रहे मौजूद

उन्होंने कहा कि गणतंत्र दिवस हमें एकता, समानता और भाईचारे का संदेश देता है। हम सभी को यह संकल्प लेना चाहिए कि हम जिम्मेदार नागरिक के रूप में अपने कर्तव्यों का निर्वहन करें और संविधान की गरिमा को बनाए रखें। इस अवसर पर अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश डा. चंद्रहास, एडीजे जयवीर सिंह, एडीजे नेहा नोहरिया, एडीजे शिफा करण सिंह, सिविल जज सीनियर डिवीजन जसबीर, सीजेएम मोनिका, सीजेएम अमित सिहाग, अतिरिक्त सिविल जज सीनियर डिवीजन विवेक सिंह, सिविल जज जूनियर डिवीजन परींदर सिंह, ट्रेनी न्यायिक अधिकारी हिसार सुमित सिंह, जिला बार एसोसिएशन के प्रधान विकास लोहान, आदि मौजूद रहे।

---

*आंधी-बारिश से उखड़े खंभे, फीडर व ट्रांसफार्मर करवाए जा रहे ठीक*

# रिहायशी इलाकों से 33 व 66 केवी की हाइटेंशन लाइन हटवाएंगेः विज

हरिभूमि न्यूज ⏭यमुनानगर



हरियाणा के ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने कहा कि प्रदेश के जिन क्षेत्रों में कालोनियां बस गई हैं और उनके ऊपर से यदि 33 केवी या 66 केवी की बिजली की तारें जा रही हैं तो उनको हटाने की कोशिश की जा रही है। इसके अलावा गत दिनों आई तेज हवाओं व बारिश के चलते उखडे हुए खंभों व प्रभावित हुए फीडर व ट्रांसफार्मरों को ठीक किया जा रहा है। उन्होंने उक्त जानकारी तेजली खेल परिसर में आयोजित जिलास्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह के बाद मीडिया से बातचीत करते हुए दी।ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने कहा कि मकान के ऊपर से तार जाने के संबंध में यह देखा जाता है कि पहले तार डाली है या पहले मकान बना है। यदि मकान बाद में बना है तो तार हटवाने का एस्टीमेट जमा करवाना पड़ता है।

#### कांग्रेस विदेशी सोच की पार्टी

ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का यह जीत का कारवां लगातार चलता ही जा रहा है और यह आगे भी चलता ही रहेगा।उन्होंने राहुल गांधी के प्रशिक्षण कार्यक्रम में आने को लेकर कहा कि राहुल गांधी यहां पर प्रशिक्षण देने आए हैं। लेकिन मैं यह कहना चाहता हूं कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी को जानकारी केवल चुनाव हरवाने की है और वह सारे चुनाव हरवाने का ही सभी को प्रशिक्षण देंगे।

---

### शैक्षणिक ऑडिट के लिए दो प्रतिष्ठित बाह्य विशेषज्ञों को आमंत्रित किया गया

# सीआरएसयू के अंग्रेजी विभाग में किया शैक्षणिक ऑडिट

हरिभूमि न्यूज ⏭जींद

चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. राम पाल सैनी के नेतृत्व में अंग्रेजी विभाग में शैक्षणिक गुणवत्ता को और अधिक सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से शैक्षणिक ऑडिट का आयोजन किया गया। यह अकादमिक ऑडिट विश्वविद्यालय प्रशासन के दिशा-निर्देशों के अंतर्गत संपन्न हुआ। इस अवसर पर दो प्रतिष्ठित बाह्य विशेषज्ञों को आमंत्रित किया गया। प्रो. उमेद सिंह अंग्रेजी विभाग चौधरी देवी लाल विश्वविद्यालय सिरसा तथा प्रो. राजबीर पराशर आरकेएसडी कॉलेज कैथल ने बाह्य विशेषज्ञ के रूप में ऑडिट प्रक्रिया का संचालन किया। दोनों विशेषज्ञों ने विभाग के पाठ्यक्रम, शिक्षण पद्धतियों, मूल्यांकन प्रणाली, शोध कार्यों, अकादमिक उपलब्धियों एवं सहपाठ्यक्रम गतिविधियों का गहन एवं सूक्ष्म निरीक्षण किया। ऑडिट के दौरान बाह्य विशेषज्ञों ने अंग्रेजी विभाग की शिक्षण प्रक्रिया, पाठ्यक्रम संरचना, शोध गतिविधियों, शैक्षणिक उपलब्धियों, विभागीय कार्यप्रणाली, भविष्य की योजनाओं तथा विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास से संबंधित विभिन्न पहलुओं का गहन निरीक्षण एवं मूल्यांकन किया।



भिवानी। सीआरएसयू में कार्यक्रम में मौजूद स्टाफ और विद्यार्थी। फोटोः हरिभूमि

#### आत्म मूल्यांकन करने का अवसर

विशेषज्ञों ने गुणवत्ता में निरंतर सुधार हेतु उपयोगी सुझाव भी प्रदान किए। इस अवसर पर अंग्रेजी विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. सुनील फौगाट ने कहा कि अकादमिक ऑडिट से विभाग को अपनी शैक्षणिक गतिविधियों का आत्म मूल्यांकन करने का अवसर मिलता है। जिससे गुणवत्ता.आधारित शिक्षा को बढ़ावा दिया जा सकता है। वहीं विभाग की इंचार्ज डा. ममता ढांडा ने बताया कि बाह्य विशेषज्ञों के सुझाव विभाग के भविष्य की शैक्षणिक योजनाओं को और अधिक प्रभावी बनाने में सहायक सिद्ध होंगे। अकादमिक ऑडिट के सफल आयोजन में अंग्रेजी विभाग के सभी प्राध्यापकों एवं स्टाफ सदस्यों का सक्रिय सहयोग रहा। विभाग की ओर से बाह्य विशेषज्ञों का धन्यवाद ज्ञापित किया गया तथा उन्हें स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया। शैक्षणिक ऑडिट से विभाग को अपनी शैक्षणिक गतिविधियों को और अधिक सशक्त बनाने, शिक्षण गुणवत्ता में सुधार करने तथा राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अकादमिक मानकों के अनुरूप कार्य करने की दिशा में मार्गदर्शन प्राप्त होगा।

---



### आलू प्रशिक्षण केंद्र करनाल के प्रतिनिधिमंडल ने किया सीवन के किसान मनीष मेहता के फार्म का दौरा

**सीवन।** आलू प्रशिक्षण केंद्र करनाल की ओर से डॉक्टर स्वाति व डॉक्टर साक्षी के नेतृत्व में आलू उत्पादक किसानों का एक प्रतिनिधिमंडल सीवन के प्रगतिशील किसान मनीष मेहता मोजी के फार्म हाउस पर पहुंचा। इस प्रतिनिधिमंडल में मोरनी हिल्स, इस्माईलाबाद तथा शाहाबाद क्षेत्र से आए आलू उत्पादक किसान शामिल थे। प्रतिनिधिमंडल ने फार्म हाउस में नेट हाउस तकनीक के अंतर्गत उगाई जा रही आलू की फसल का निरीक्षण किया। इस दौरान आलू के पौधों की बढ़वार, रोग प्रबंधन, सिंचाई व्यवस्था तथा बीज की गुणवत्ता का विस्तार से अवलोकन किया गया। किसानों ने आलू बीज उत्पादन से संबंधित जानकारी भी विशेषज्ञों से प्राप्त की। डॉक्टर स्वाति व डॉक्टर साक्षी ने संयुक्त रूप से बताया कि वर्तमान समय में आलू उत्पादन को अधिक लाभकारी बनाने के लिए वैज्ञानिक तकनीकों को अपनाना जरूरी है।